26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 16 नवम्बर, 2025

अंक- 23 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# किसी घर में रोहिणी जैसी बेटी-बहन पैदा न हो!

## लालू की बेटी का आरोप- कल मुझे मारने के लिए चप्पल उठाई गई

पटना ( एजेंसी/चिंगारी )। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी और सारण से चुनाव लड़ चुकीं रोहिणी आचार्य ने आज एक्स पर एक और पोस्ट कर हलचल मचा दी है। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा, 'कल एक बेटी, एक बहन , एक शादीशुदा महिला, एक मां को जलील किया गया, गंदी गालियां दी गईं, मारने के लिए चप्पल उठाई गई।' गौरतलब है कि रोहिणी ने शनिवार ( 16 नवंबर) को ही एलान किया था कि वे राजनीति और परिवार छोड़ रही हैं। अब उसी एलान को लेकर रोहिणी ने कहा, 'मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया, सच का समर्पण नहीं किया, सिर्फ और सिर्फ इस वजह से मुझे बेइज्जती झेलनी पड़ी।'

रोहिणी ने अपने पोस्ट में आगे कहा, 'कल एक बेटी मजबूरी में अपने रोते हुए मां-बाप, बहनों को छोड़ आई। मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया। मुझे अनाथ बना दिया गया। आप सब मेरे रास्ते कभी ना चलें , किसी घर में रोहिणी जैसी बेटी -बहन पैदा न हो।' रोहिणी आचार्य ने एक और पोस्ट में कहा, 'कल मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी। करोड़ों रूपए लिए , टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी। सभी बेटी-बहन, जो शादीशुदा हैं उनको मैं बोलूंगी कि जब आपके मायके में कोई बेटा-भाई हो, तो भूल कर भी अपने भगवान रूपी पिता को नहीं बचाएं। अपने भाई, उस घर के बेटे को ही बोले कि वो अपनी या अपने किसी हरियाणवी दोस्त की किडनी लगवा दे।' उन्होंने कहा, सभी बहन-बेटियां अपना घर- परिवार देखें, अपने माता-पिता की परवाह किए बिना अपने बच्चे, अपना काम, अपना ससुराल देखें, सिर्फ अपने बारे में सोचें। मुझसे तो ये बड़ा गुनाह हो गया कि मैंने अपना परिवार, अपने तीनो बच्चों को नहीं देखा, किडनी देते वक्त न अपने पति, न अपने ससुराल से अनुमति ली। अपने भगवान, अपने पिता को बचाने के लिए वो कर दिया जिसे आज गंदा बता दिया गया। आप सब मेरे जैसी गलती , कभी , ना करे किसी घर रोहिणी जैसी बेटी न हो।



## अंतरिक्षयान उत्पादन बढ़ाकर तीन गुना करेगा इसरो

बंगलूरू ( एजेंसी/चिंगारी )। इसरो इस वित्तीय वर्ष में सात और प्रक्षेपण करने की योजना बना रहा है। साथ ही इसरो अपना पहला मानव अंतरिक्ष यान 2027 में भेजने की भी तैयारियों में जुटा है। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने एक इंटरव्यू में बताया कि इसरो विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्योग क्षमता बढ़ाने की दिशा में तेजी से विस्तार कर रहा है। नारायणन ने कहा कि इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) चालू वित्तीय वर्ष के अंत से पहले सात और प्रक्षेपणों का लक्ष्य बना रहा है, जिनमें एक वाणिज्यिक संचार उपग्रह और कई पीएसएलवी और जीएसएलवी मिशन शामिल हैं। इसरो चेयरमैन ने बताया कि भारत में निर्मित पहले पीएसएलवी का प्रक्षेपण भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक मील का पत्थर होगा। इसरो प्रमुख ने कहा कि सरकार ने चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दे दी है। यह भारत का अब तक का सबसे मुश्किल चंद्र अभियान होगा। इसरो ने साल 2028 में चंद्रयान-4 मिशन लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। चंद्रयान-4 मिशन के जरिए इसरो चंद्रमा से नमूने वापस लाने का प्रयास करेगा।

## सोरम पंचायत में किसानों ने भरी हुंकार, देश-समाज से जुड़े मुद्दों पर होगी बात

मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )। मुजफ्फरनगर के सोरम गांव में 16 से 18 नवंबर तक तीन दिवसीय सर्वखाप पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए मुजफ्फरनगर समेत अन्य जिलों और राज्यों से भी लोग रविवार सुबह ही पहुंच गए। यहां समाज से जुड़े मुद्दों पर बात की जाएगी और फैसले लिए जाएंगे। सोरम की सर्वखाप पंचायत में छत्तीसगढ़ से आदिवासी किसानों की समस्या लेकर पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यहां खाप पंचायत का तौर-तरीका देखेंगे। अपने क्षेत्र के किसानों और समाज की समस्या सर्वखाप पंचायत में रखेंगे। अच्छी बात यह है कि यहां पर कोई राजनीतिक बात नहीं होगी। लोगों में सामाजिक चेतना के लिए यह बड़ा प्रयास है। सोरम सर्वखाप पंचायत में गठवाला खाप के शामिल होने को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई थी। रविवार सुबह थांबेदार रविंद्र सिंह और अन्य लोग एकत्र होकर सोरम पहुंच गए और पंचायत में शामिल हुए।



आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

सुविधाऐं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

आवश्यकता है

लकड़ी की मशीनों पर काम करने हेतु कुशल एवं योग्य कारीगरों व हेल्परों की आवश्यकता है।

मो. 9837958572, 7417556822

# धूमधाम से मनाया गया बिट का सिल्वर जुबली समारोह

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण से कार्यक्रम हुआ भव्य

**बिजनौर (चिंगारी)।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में संस्थान की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिल्वर जुबली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण ने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। सौंदर्य व व्यक्तित्व आधारित प्रतियोगिताओं में परी गुप्ता बनीं मिस बिजनौर आइकॉन 2025 व सूजल कुमार मिस्टर आइकॉन बिजनौर 2025 बने। फ्रेशर प्रतियोगिता में परी यादव को मिस तथा फैज़ को मिस्टर चुना गया। अन्य श्रेणियों में विजित को मिस डैशिंग, काशिस को मिस चार्मिंग, आशीष काथल को मिस्टर फोटोजेनिक और लिपिका को मिस फोटोजेनिक सम्मानित किया गया।

संस्थान में दीर्घकालीन सेवा प्रदान करने वाले कर्मचारियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। 15 वर्ष सेवा के लिए डॉ. कावेन्द्र यादव और राहुल चौधरी, 25 वर्ष सेवा के लिए प्रकाश कुमार तथा 20 वर्ष सेवा के लिए बब्बन सिंह को विशिष्ट दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्रदान किया गया। पत्रकारिता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान हेतु अशोक मधुप, चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी और नन्हीं दुनिया के संपादक वासुदेव शर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की गेस्ट ऑफ ऑनर, मीरापुर की विधायक मिथलेश पाल तथा भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने सभी को प्रशस्ति-पत्र और पटका पहनाकर सम्मानित किया। शैक्षणिक व प्रशासनिक उपलब्धियों के लिए कई शिक्षकों और कर्मचारियों को भी सम्मान से नवाजा गया। शकुंतला देवी बेस्ट टीचर अवार्ड 2025 वैभव और सुनील कुमार को प्रदान किया गया। बेस्ट डेडिकेशन अवार्ड 2025 सुमित कुमार एवं हॉस्पिटल इंचार्ज वंदना वर्मा को दिया गया। सर्वाधिक एडमिशन अवार्ड 2025 के लिए शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कावेन्द्र कुमार और वैभव कुमार को सम्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर में शीतल सैनी (नर्सिंग), मुकुल राजपूत (बी.टेक), खुशी तोमर (बीएएमएस) और अंशिका (बीसीए) चुने गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न पाठ्यक्रमों में अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विधिका चौधरी (बीबीए), स्नेह आर्य (एमबीए), अनामिका नाहरिया (बीएससी नर्सिंग), तपेंद्र कुमार (बीपीएड), सहर फातमा (बीएड), उज़्मा आफरीन (बीएएमएस), वंश आर्य (बीफार्मा) और आशीष कुमार (बीटेक) को अकादमिक टॉपर घोषित किया गया। विधायक श्रीमती मिथलेश पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा ने 25 वर्षीय शैक्षणिक यात्रा और संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं सहयोग का आश्वासन दिया। निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, जबकि चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्रों को मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया।



### सूजल कुमार बने मिस्टर आइकॉन बिजनौर 2025 व परी गुप्ता बनी मिस बिजनौर आइकॉन 2025

## जसवन्त सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

नजीबाबाद (चिंगारी)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में हुए 23 वें दीक्षांत समारोह में जसवन्त सिंह को हिन्दी विषय में की गई पीएचडी अवार्ड मिला। उनके शोध का विषय जयशंकर प्रसाद के गद्य-साहित्य में राष्ट्र की अवधारणा रहा। जसवंत सिंह वर्तमान में नजीबाबाद के नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में विभागाध्यक्ष-कला संकाय एवं हिन्दी प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों, माता-पिता, परिवार व दोस्तों को दिया। उनकी इस उपलब्धि में उनके शोध निदेशक प्रो. अरुण देव, परिवार, दोस्तों व नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस संस्थान के सम्मानित प्रबंध तंत्र ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



## पत्रकार के पिता के निधन पर शोक जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। पत्रकार शहजाद मलिक के पिता कासिम अली (68वर्ष) के निधन पर नगर के पत्रकारों ने शोक जताया है। पत्रकारों ने अल्लाह से मरहूम की मगफिरत व उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाने की दुआ की। शोक व्यक्त करने वालों में अवधेश शर्मा, जकी मलिक, नौशाद मुल्तानी, इरफान अंसारी, शादाब जफर आदि शामिल रहे।

## बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने ताइक्वांडो का आकर्षक प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सीपी सिंह प्रोफेसर डॉ. एके मित्तल व चौधरी ईशम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास व स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि सहयोग, सम्मान, नेतृत्व व सामूहिक प्रयास की भावना को विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के मैनेजर रमाकांत वालिया, अश्विन वालिया, श्रीमती जाझवी वालिया ने बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता अध्यापक विनीत राणा, साकेत शर्मा व मोहित कर्णवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। संचालन अध्यापक कुमुद कुमार व छात्र-छात्राओं ने किया।

## सनातन धर्म में श्रीमद् भागवत कथा सुनना जनकल्याणकारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के आदर्श नगर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में पंडित दीपक शर्मा ने अपनी अमृतवाणी से भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए सभी को प्रेरित किया। 12 नवम्बर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा 19 नवंबर को सम्पन्न होगी। इस मौके पर किरन, बीना, सुजाता, मधु, अंकुर, रीना, शैली, प्रीति, दीपा, मनीष, दीपक, दीपा, सविता, शीला, सुमन, सोनम सहित अनेक संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बाल दिवस पर राष्ट्रपति से मिले आल सेंट स्कूल के बच्चे

### बच्चों ने राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया

**शेरकोट (चिंगारी)।** बाल दिवस के अवसर पर नगर के आल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चार छात्र-छात्राओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य पी.एस. चौहान और शिक्षिका जैनब बानो के नेतृत्व में स्कूल का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति भवन पहुंचा, जहां बच्चों की महामहिम से मुलाकात हुई। यह पल न सिर्फ छात्र-छात्राओं बल्कि पूरे स्कूल के लिए यादगार बन गया। स्कूल के प्रधानाचार्य पी.एस. चौहान ने बताया कि छात्रा लीबा नूर, एहतेशाम, वरदा आयशा और स्पर्श सैनी को इस विशेष मुलाकात के लिए चयनित किया गया था। मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई, रुचियों और भविष्य की योजनाओं पर बातचीत की और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत बच्चों को राष्ट्रपति भवन का भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्होंने भारत की कला, संस्कृति और विरासत को करीब से देखकर देश के इतिहास और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जिज्ञासा और गर्व दोनों को बढ़ाया। राष्ट्रपति भवन से लौटे उत्साहित बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह दिन उनके जीवन का सबसे यादगार और प्रेरणादायी है, जो उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। स्कूल प्रबंधक शादाब खान ने स्कूल के छात्र-छात्राओं की महामहिम से मुलाकात को गर्व की बात बताते हुए कहा कि ऐसे अवसरों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सीखने-समझने का मौका मिलता है।



## किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग



### एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील स्तरीय की मासिक पंचायत तहसील में तहसील परिसर अध्यक्ष कोमन सिंह की अध्यक्षता और मास्टर मुनिदेव सिंह के संचालन में हुई, जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा 6 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सदर रितु रानी को सौंपा गया। जिसमें बिलाई चीनी मिल का पिछले वर्ष का गन्ना भुगतान दिलाया जाने, आवारा पशुओं को गौशाला भिजवाया जाने, दाखिल खारिज जल्दी कराये जाने, बाढ़ पीड़ित किसानों को जल्दी से जल्दी मुआवजा दिलाया जाने, जिले को जल्दी गुलदार मुक्त किया जाने, खादर क्षेत्र में वन विभाग किसानों की जमीन कब्जा कर मुकदमे कर रहा है, किसानों को उनकी जमीन पर कब्जा दिलाये जाने की मांग की गई। पंचायत में डॉक्टर विजय चौधरी, धर्मेंद्र राणा, दिनेश कुमार, दीपक, संतराम, लवकेश, मनोज, तिलकराम, कोबे, नरपाल सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# ध्वजारोहण समारोह, अयोध्या के विकास की लिखेगा महागाथा

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या शहर केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण का केंद्र बन चुका है। परिवर्तन की इस यात्रा में अयोध्या ध्वजारोहण समारोह एक ऐसा उत्सव बनकर उभर रहा है जो विकास की पूरी दास्तान को अपने भीतर समेटे हुए है। यह समारोह सिर्फ आस्था का पर्व नहीं, बल्कि एक ऐसा आयोजन है जिसने युवाओं, उद्योगों, कारीगरों और आम नागरिकों के लिए नये अवसरों का दरवाजा खोल दिया है। अयोध्या अब सिर्फ एक तीर्थ नहीं बल्कि विकास की प्रयोगशाला बन चुका है। अयोध्या के ऐतिहासिक विकास ने युवाओं की ज़िंदगी में नई रोशनी, स्थानीय उद्योगों में नई सांसें और परंपरागत कला में एक नई दिशा दी है। अयोध्या में 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री राम मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान देश और विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आएंगे। इससे होटल, रेस्टोरेंट, टूर और ट्रेवेल्स, स्थानीय उत्पादों, ओडीओपी के तहत गुड़ कारोबार जैसे अनेकों व्यवसाय में वृद्धि देखने को मिलेगी। अनुमान है कि अयोध्या में इस दौरान करोड़ों का कारोबार होगा। अयोध्या के ध्वजारोहण समारोह से पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियां नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी।

## महिपाल ने हेलमेट मारकर गुलदार को भगाया



बिजनौर ( चिंगारी )। यदि मनुष्य मुसीबत के समय साहस न छोड़े तो वह बड़ी से बड़ी मुसीबत का सामना कर सकता है। इसका उदाहरण बीती रात बिजनौर के मोहल्ला खत्रियान निवासी महिपाल सिंह ने जलालाबाद बाईपास पर उस समय दिया, जब एक गुलदार ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हुआ यूं महिपाल सिंह कल किसी काम से मोटरसाइकिल द्वारा नजीबाबाद गया था। रात्रि 8 बजे वह जब वापस आ रहा था तो जलालाबाद बाईपास पर पीछे से आकर एक गुलदार ने उसके सिर पर झपट्टा मारा, जिससे महिपाल सिंह मोटरसाइकिल से गिर गया। इससे पूर्व कि गुलदार फिर उस पर हमला करता, महिपाल सिंह ने साहस दिखाते हुए हेलमेट से गुलदार के मुंह पर ताबड़तोड़ तीन-चार वार किये, जिससे वह वहां से भाग गया। गुलदार के जाने के बाद महिपाल सिर पर हुये घाव की परवाह करते हुए मोटरसाइकिल पर ही बिजनौर आ गया और यहां आकर डॉक्टर के यहां अपनी मरहम पट्टी कराई

## नशेड़ी युवक ने फांसी लगाकर जान दी

मंडावर ( चिंगारी )। मंडावर कस्बे में एक युवक ने फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। शनिवार देर शाम मंडावर के मौ. शाहविलायत निवासी गोलू (18 वर्ष) पुत्र अनमोल ने जो नशे का आदी था ने फांसी लगा ली । कुछ दिन पूर्व परिजनों ने उसे नशा मुक्ति केंद्र भी भेजा था लेकिन मृतक गोलू नशा रखने से बाज नहीं आया। उसने घर पर ही फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।



# जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी- डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर शनिवार को तहसील नजीबाबाद के भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सभागार में



आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है। अत: सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 16 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिनमें 01 शिकायत का मौके पर ही निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिला अधिकारी न्यायिक अंशिका दीक्षित, एसडीएम नजीबाबाद सहित सभी जिलास्तरिय अधिकारी सहित अन्य अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सुभांशी को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**नहटौर ( चिंगारी )।** विवेक कॉलेज बिजनौर की छात्रा सुभांशी चौधरी को बरेली में आयोजित समारोह कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। सुभांशी चौधरी ने बीएससी ऑनर्स में विवेक कॉलेज को टॉप किया। बरेली स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड यूनिवर्सिटी में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में ग्राम नारायण खेड़ी निवासी विकुल कुमार की सुपुत्री सुभांशी चौधरी को बीएससी ऑनर्स (वनस्पति)में टॉपर बनने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। सुभांशी चौधरी को सम्मानित करने पर परिजनों द्वारा खुशी जताई गई। सुभांशी चौधरी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं परिजनों को दिया।

## भाजपाइयों ने खिलाकर मिठाई, बिहार में जीत की खुशी मनाई



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला सह संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ रवि प्रजापति के निवास पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विकास की नीतियों एवं बिहार की सम्मानित जनता द्वारा विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओ ने मिष्ठान खिलाकर बम्पर जीत की खुशी मनाई। इस अवसर पर मौजपुर हरबंस के शक्ति केंद्र संयोजक चौधरी विदेश्वर सिंह, कोतवाली शक्ति केंद्र संयोजक जितेंद्र कश्यप, बूथ अध्यक्ष अरुण कुमार, बूथ अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह प्रजापति, जयवीर प्रजापति, शुभम चौधरी, राजू प्रजापति, पवन डीलर, कृष्ण कुमार, तुषार प्रजापति, सुरेंद्र सिंह, रामेंद्र चौधरी, संजीव चौधरी, राजवीर चौधरी, सत्यपाल प्रजापति, उदयभान प्रजापति, ऊदल कुमार, मुनतियाज सलमानी, आदि ग्रामवासी में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यह मोदी जी के कुशल नेतृत्व की जीत- ठा. वरुण प्रताप

**हल्दौर ( चिंगारी )।** बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाई फूले नहीं समा रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता व गन्ना समिति के नामित संचालक ठा.वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान के नेतृत्व में गन्ना समिति के संचालकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार जीत पर जश्न मनाते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

शनिवार को स्थानीय सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय पर बोर्ड की बैठक के बाद उपस्थित सभी संचालको व भाजपा कार्यकर्ताओं ने नामित संचालक ठाकुर वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान के नेतृत्व में बिहार में भाजपा की शानदार जीत व एनडीए



को प्रचंड बहुमत मिलने पर खुशी जाहिर की और एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर जश्न मनाया। इस मौके पर ठा.वरुण प्रताप सिंह ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व व बिहार के विकास की जीत हैं। इस अवसर पर चेयरमैन चौ.नरेश कुमार, वाइस चेयरमैन पुष्कर चौधरी, परमेंद्र सिंह, ब्रजवीर सिंह, परमा सिंह, कल्याण सिंह, कौशल सिंह, श्रीमती कामेश देवी, श्रीमती चंद्रो देवी, मुकेश कुमार राठी, सुरेंद्र सिंह, परवीन सिंह, शिवम चौधरी व कपिल कुमार आदि को मौजूद रहे।

### पीएम आवास योजना से सम्बंधित शिकायतें, अब मनरेगा लोकपाल से भी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं आयुक्त ग्राम्य विकास के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा लोकपाल की सेवाएं अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की शिकायतों के निस्तारण के लिए भी ली जाएंगी। जनपद में तैनात मनरेगा लोकपाल श्री सुशील कुमार त्यागी, (मोबाईल नम्बर-7275554033) को प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण से संबन्धित शिकायतें प्रस्तुत की जा सकती है। उन्होंने बताया कि वह शिकायतें संबन्धित व्यक्ति श्री त्यागी को सीधे या विकास भवन के प्रथम तल पर स्थित कक्ष संख्या 210 एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयों में कार्य दिवस में उपस्थित होकर दे सकते हैं। खण्ड विकास अधिकारी उपरोक्तानुसार अपने कार्यालय में व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगें।

## एडीएम वित्त ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय व धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने सब रजिस्ट्रार ऑफिस नगीना एवं धान क्रय केंद्र कोतवाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी श्रीमती वानिया द्वारा सब रजिस्ट्रार ऑफिस नगीना के निरीक्षण के दौरान लगभग सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक मात्रा में धान किराए करना सुनिश्चित करें और धान क्रय केंद्र क्षेत्रांतर्गत गांव के किसानों से संपर्क कर उन्हें अपना धान सरकारी क्रय केंद्रों पर ही विक्रय करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने धान के लिए केंद्र के प्रभारी को यह भी निर्देश दिए कि क्रय किए



गए धान का समयपूर्वक उठान कराना सुनिश्चित कराएं और किसी भी अवस्था में अनावश्यक रूप से इस कार्य में विलंब न किया जाए।

# महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज में हुई भव्य व्हाइट कोट सेरेमनी



**बिजनौर (चिंगारी)।** महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में व्हाइट कोट सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. उर्मिला कार्य ने की। समारोह में उप-प्राचार्य डॉ. तुहिन वशिष्ठ, डॉ. सुनील मलिक, संकाय सदस्य, कार्यालय स्टाफ तथा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसे अनन्या सिंह, न्यासा, अर्पिता शर्मा, मानवी कौशिक, प्रशांत सिंह, हमज़ा खान, देव प्रताप सिंह, रिया सिंह, आयुषी शर्मा और वैशाली रावल ने प्रस्तुत किया। इसके बाद यशस्वी द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम संचालन एवं व्यवस्थापन में डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. रूपा सिंह, डॉ. रेखा चौधरी, डॉ. अजय प्रजापति, डॉ. अमरदीप, डॉ. अभिनव सिंह तथा छात्र-छात्राओं यश यादव, वंशिका कौशिक, साक्षी, उजाला, ऋषभ सिंह, सामिया बैग, सत्यम, इमाद, आकाश पुंडीर, याचना, मारिया और निष्ठा का योगदान रहा।

इस अवसर पर छात्रों को सफेद कोट प्रदान किए गए, जिसके बाद


सेरेमनी का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी

शपथ समारोह उपप्राचार्य डॉ. तुहिन वशिष्ठ द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को चिकित्सा पेशे के आदर्शों एवं दायित्वों की शपथ दिलाई गई। इस संपूर्ण प्रक्रिया में जिला अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, प्राचार्या डॉ. उर्मिला कार्य, डॉ. सुनील मलिक, डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. सूर्यकांत नागतिलक, डॉ. सुधांशु और डॉ. एन.के. पाठक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने विद्यार्थियों को चिकित्सा सेवा में निष्ठा व संवेदनशीलता बनाए रखने का संदेश दिया।

## सनातन एकता यात्रा की सफलता के लिये किया यज्ञ

### विस्फोट में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

**बिजनौर (चिंगारी)।** सनातन एकता यात्रा की सफलता एवं दिल्ली बम विस्फोट में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ब्राह्मण महासभा (पंजी.) बिजनौर के तत्वावधान में एक बैंकट हॉल में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। ब्राह्मण महासभा, बिजनौर के नगर अध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा ने कहा कि समस्त सनातन धर्म की ओर से पं. धीरेंद्र शास्त्री द्वारा निकाली जा रही सनातन एकता यात्रा को सफल बनाने तथा दिल्ली बम विस्फोट में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए यह आयोजन किया गया है। भगवान से प्रार्थना की गई है कि हमारा राष्ट्र सुरक्षित रहे, हिंदू समाज सुरक्षित रहे। महासभा के जिला महामंत्री पं. संजय हरित ने कहा आज जो यह हवन यज्ञ हुआ है, यह समस्त समाज के कल्याणार्थ है। श्रीमती शोभा शर्मा ने कहा कि आज सनातन धर्म के मानने वालों को एकजुट होने की आवश्यकता है। महासभा के जिलाध्यक्ष पं. विजय वशिष्ठ ने कहा कि आज हिंदू समाज अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश महामंत्री पं. विनोद गोस्वामी, पं. अंबरीश शर्मा, पं. शिवकुमार शास्त्री तथा पं. जितेंद्र शर्मा के द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच हुए हवन में मुख्य यजमान पं. अशोक कुमार शर्मा व मिथिलेश



शर्मा रहे। इस अवसर पर पत्रकार पं. अवनीश गौड़, डॉ. डी.के. पांडेय, पं. आशीष वशिष्ठ, पं. ओ.पी. शर्मा, राष्ट्रीय ब्राह्मण जागृति मंच के जिला अध्यक्ष पं. विभोर कुमार शर्मा एडवोकेट, पं. तुषार शर्मा, मीनम शर्मा, सरिता बिश्नोई, देव पंडित, विशाल शर्मा, नीता चौधरी, वैद्य अजय गर्ग, अजय अग्रवाल, विशाल शर्मा, भूपेंद्र निरंकारी, रत्नेश पूषण आदि सनातनी उपस्थित रहे।

## टीएचडीसी के चेयरमैन आर.के. विश्नोई का निधन

### कम्पनी में शोक की लहर, मुनि की रेती घाट पर किया गया अंतिम संस्कार

### मूल रूप से बिजनौर के निवासी थे स्व. विश्नोई

**बिजनौर/ऋषिकेश (चिंगारी)।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आर.के. विश्नोई का शनिवार को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। श्री विश्नोई बिजनौर के रहने वाले थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही कम्पनी में शोक व्याप्त हो गया। आज मुनि की रेती स्थित पूर्णानंद घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

59 वर्षीय आरके विश्नोई का दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्होंने अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। श्री विश्नोई 2019 से टीएचडीसी इंडिया लि. में सीएमडी के पद पर थे। उन्होंने एनएचपीसी और निपको में भी सेवाएं दीं। उनके जीवन काल का बड़ा समय टीएचडीसी में सेवाएं देते हुए गुजरा।

बता दें कि एनटीपीसी की एक शाखा ऋषिकेश स्थित टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गुजरात और केरल में तापीय और नवीकरणीय ऊर्जा



परियोजनाओं का संचालन करती है। कंपनी ने सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट के माध्यम से कंपनी के सीएमडी आर के विश्नोई के निधन की सूचना दी। टीएचडीसीआईएल परिवार और भारत के संपूर्ण विद्युत क्षेत्र ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया।

श्री आरके विश्नोई के निधन से बिजनौर जनपद में भी शोक की लहर दौड़ गई। उनके छोटे भाई मुकेश विश्नोई ने चिंगारी को बताया कि श्री विश्नोई पिछले कई वर्षों से ब्लड कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। हालांकि उपचार के बाद वे काफी हद तक ठीक हो गये थे, लेकिन इसके कारण उनकी इम्युनिटी बहुत वीक हो गई थी, जिससे उनको एकदम इन्फेक्शन हो जाता था। पीलिया व निमोनिया होने पर उन्हें 11 नवम्बर को दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, लेकिन चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

स्व. आर.के. विश्नोई जनपद के गौरव थे। टीएचडीसी के सर्वोच्च पद पर होते हुए भी उनकी विनम्रता के सब कायल थे। बिजनौर जनपद से उन्हें बेहद लगाव था। स्व. विश्नोई ने अपनी लगन, मेहनत, समर्पण व योग्यता से पीएचडीसी को सफलता के नये आयाम दिये। चिंगारी परिवार उनकी आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को यह दारुण दुख सहन करने के लिये परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है।

# संघ का सौ वर्ष का कार्यकाल एक अविस्मरणीय इतिहास बन चुका : पदम सिंह

## आरएसएस के क्षेत्र प्रमुख ने हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रमों की जानकारी दी


पत्रकार वार्ता करते हुए क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख पदम सिंह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह का कहना है कि अधिकार तोड़ता है, जबकि कर्तव्य जोड़ने का कार्य करता है। दूसरों के प्रति हमारी बोली, भाषा तथा विचारों का आदान प्रदान और व्यवहार ऐसे होने चाहिये जिससे किसी को कष्ट न पहुंचे।

महाराणा प्रताप चौक के निकट भवन पर पत्रकार संवाद कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए पदम सिंह ने जहां संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के 100 वर्ष की गाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला, वही संघ के कार्यकर्ताओं और स्वयं सेवकों द्वारा देश की आजादी और उसके बाद देश में आए संकट के समय उत्पन्न हुई परिस्थितियों में समर्पित भाव के साथ किये गये सेवा कार्यों की भी विस्तार से चर्चा की।

कोरोना काल की चर्चा करते हुए उन्होने बताया कि उस समय संघ से जुड़े स्वयं सेवको ने नि:स्वार्थ भाव एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ जो कार्य किये हैं उनको देश ही नही विश्व के कोने-कोने में रहने वाला हिंदू समाज कभी भुला ही नही सकता।

उन्होने संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में रोपा गया पौधा जो आज वट वृक्ष का स्वरूप धारण कर चुका है, उसकी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि संघ के 100 वर्ष के कार्यकाल में जो कार्य किए गए हैं उनका एक ऐसा इतिहास बन चुका है जो दुनिया के रहने तक अपनी विशेष पहचान दर्शाएगा । उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए पंच परिवर्तन कार्यक्रम के बारे में बताया।

इन पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन स्व आधारित जीवन तथा नागरिक कर्तत्वय बोध और शिष्टाचार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूरे देश भर में स्वयंसेवको द्वारा इन बिंदुओ पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है, और न्याय पंचायत, ग्राम पंचायत, नगर तथा महानगर सभी स्थानो पर परिवारो में पहुंचकर व्यक्तिगत संपर्क किया जा रहा है।

उन्होंने जनवरी माह में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए बताया कि सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा का निर्धारण नवम्बर और दिसम्बर माह में कर लिया जायेगा, जिन्हें प्रभावी रूप में क्रियान्वित कराने के लिए जनवरी माह में स्वयंसेवक अपने सेवा कार्य प्रारम्भ कर देंगे।

इस संवाद कार्यक्रम में विभाग कार्यवाह मुकेश कुमार, जिला कार्यवाह विपिन कुमार, जिला प्रचारक प्रवीण कुमार, नगर कार्यवाह आजाद वीर सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### सात दिन तक होगा शाखाओं का आयोजन

**श्री पदम सिंह ने जानकारी दी कि जनवरी माह में पंच परिवर्तन से संबंधित कार्यक्रमों के अलावा विद्वत जन गोष्ठी, कॉलेज में युवाओं से संवाद राष्ट्र निर्माण कार्यो में उनकी वर्तमान और भावी भूमिका का आकलन का निर्धारण किये जाने के साथ ही सात दिन की नियमित शाखाओं का भी आयोजन किया जायेगा जिसमें स्वयं सेवक पूरे सात दिन तक आयोजित होने वाले शिविरो में ही प्रवास और रात्रि विश्राम भी करेंगे। उन्होंने प्रिंट और इलैक्ट्रोनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार बंधुओ से आग्रह किया कि वह संघ के कार्यो और कार्यक्रमों को जन-जन में प्रचारित और प्रसारित करने में अपनी रचनात्मक भूमिका का परिचय दे। उन्होंने कहा कि आज भी प्रिंट मीडिया की खबरों को पाठक ज्यादा विश्वसनीय मानता है।**

## धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली..


आयोजक परिवार को सम्मानित करते हुए श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** टीचर कॉलोनी स्थित संघ कार्यालय पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंग बली का गुणगान किया गया। 'धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली' भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को संस्था द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में जिला प्रचारक प्रवीण सिंह नगर अध्यक्ष अमित कुमार, रविंद्र सिंह, नगर कार्यवाहक आजाद वीर सिंह, लोकेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार, अनिल राजपूत, आशुतोष कुमार, मोहित कुमार, अंकित कुमार, निखिल शर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तौगी, रामप्रकाश वर्मा, विजय शर्मा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## रानी फूल कुमारी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई


रानी फूल कुंवरी साहिबा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कुंवर मानवेंद्र सिंह राठौड़।

**धामपुर ( चिंगारी )।** रानी फूल कुंवरि साहिबा की पुण्यतिथि के अवसर पर रानी फूल कुंवरि मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रानी बाग कॉलोनी धामपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रीमद् भागवत गीता के 12 व 15 वें अध्याय के श्लोकों का पाठ कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पण से हुई। विद्यालय के प्राचार्य अवधेश कुमार शर्मा ने रानी फूल कंवरि साहिबा के जीवन और उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका त्याग और समाज सेवा भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम को स्कूल के अध्यक्ष कुंवर मानवेन्द्र सिंह राठौर व अतिथि रंजन अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कुंवर मानवेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि विद्यालय की स्थापना उनके नाम से होना ही इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा और संस्कार उनके जीवन का मूल आधार थे। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। राशि अग्रवाल, रिया विष्ट, भूमिजा चौहान, ध्रुव, चैतन्य, संगीता नंदी, अंशिका, प्रतिष्ठा वर्मा, पल्लवी आदि छात्र-छात्राओं द्वारा गीता के 12 व 15 वें अध्याय के श्लोकों का सामूहिक पाठ किया गया।

# आर्मी कान्वेंट एकेडमी में हुई खेल प्रतियोगिताएं

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** ग्राम भोगपुर स्थित आर्मी कॉन्वेंट एकेडमी में चली चार दिवसीय प्रतियोगिता में दो दिन इनडोर व दो दिन आउटडोर गेम हुए। जिसमें सामान्य ज्ञान, हिन्दी-अंग्रेजी रीडिंग-राइटिंग, लूडो, शतरंज, सिंगिंग, कला-आलेखन सहित 100, 200, 400, 800 मीटर रेस, रिले रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताएँ कराई गईं।

खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को चार भागों में बांटा गया था। जिसमें ब्लू हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय, येलो हाउस तृतीय और ग्रीन हाउस चतुर्थ रहा। चारों हाउस संचालिकाओं में श्रीमती रेनू शर्मा, गगनदीप कौर, योगिता तोमर और सुखमनदीप कौर का विशेष योगदान रहा। रेड हाउस कैप्टन सिमरन कौर, ब्लू हाउस कैप्टन यशनीत कौर, ग्रीन हाउस कैप्टन शिवा और येलो हाउस कैप्टन गौरव ने अपनी टीमों का नेतृत्व किया। कोच राजन कांबोज के नेतृत्व में प्रशिक्षित हुए बच्चों ने खेलों में जोरदार प्रदर्शन किया। जबकि स्कूल प्रबंधक प्रभदीप सिंह व रजविंदर कौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


ट्रॉफी के साथ विजयी बच्चे।

प्रतियोगिता में नवनीत, यशनीत, गुरुवंश, सिमरन, विजेता, मानसीरत, जसप्रीत, गुरजोत, कार्तिक, नवजोत, शिवा, रोहन, जगमीत, अनीशा, दीपक, रोमन ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि शतरंज में अंशु (कक्षा 2) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को भविष्य में भी खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अनुशासन व साहस के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


ट्रॉफी के साथ प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा, श्रीमती रेनू शर्मा।

# बिजनौर टाइम्स ने हर क़दम पर जनता का साथ देने का वचन दोहराया





संस्थान के साथियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधान संपादक चंद्रमणि रघुवंशी। संपादक चंद्रमणि रघुवंशी को सम्मानित करते हुए संस्थान के सदस्यगण।

## सादगी के साथ मनायी गयी 62वीं वर्षगांठ

**बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर जनपद के प्रथम हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र बिजनौर टाइम्स की 62 वीं वर्षगांठ संस्थान में सादगी के साथ मनायी गई। इस अवसर पर बिजनौर टाइम्स के प्रधान संपादक चन्द्रमणि रघुवंशी को संपादक मंडल व संस्थान कर्मियों द्वारा सम्मानित किया गया।**

पत्रकारिता के पुरोधा बाबूसिंह चौहान ने 14 नवम्बर 1963 को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर दैनिक बिजनौर टाइम्स का प्रकाशन शुरू किया था। 62 वर्षों में देश की पत्रकारिता का रूप-स्वरूप काफी बदल गया है, किंतु बिजनौर टाइम्स ने अपना चरित्र नहीं बदला। बिजनौर टाइम्स आज भी अपनी पत्रकारिता के मूल्यों से बंधा हुआ है। विश्व बंधुत्व, साम्प्रदायिक सौहार्द व समानता पर आधारित समाज की स्थापना में सहयोग की भावना से दैनिक बिजनौर टाइम्स ने अपने नैतिक बल और पाठकों के प्यार की बदौलत इतनी लम्बी यात्रा तय कर ली है। 62 वीं वर्षगांठ पर इस यात्रा को नये आयाम देने का संकल्प व्यक्त किया गया।

प्रधान संपादक चन्द्रमणि रघुवंशी ने संस्थान के साथियों के साथ मिलकर इस विश्वास व संकल्प के साथ कि बिजनौर टाइम्स अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वास, अज्ञानता के अंधकार को दूर करने का भरसक प्रयत्न करता रहेगा, दीप प्रज्वलित किया।

इस अवसर पर उन सभी पाठकों का आभार व्यक्त किया गया, जिनके दिन की शुरुआत आज भी दैनिक बिजनौर टाइम्स के साथ होती है। साथ ही सभी विज्ञापनदाताओं, आजीवन सदस्यों, संवाददाताओं, वितरकों एवं संस्थान कर्मियों के प्रति चन्द्रमणि रघुवंशी व सूर्यमणि रघुवंशी ने कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए 'हर कदम पर जनता के साथ' का वचन निभाते रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर सर्वश्री हुक्का बिजनौरी, मरगूब रहमानी, मिर्जा तालिब बेग, विपिन भारद्वाज, मुशब्बर हुसैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# खुद को दरोगा बताकर टैक्सी चालक को ठगा

**बिजनौर (चिंगारी)।** खुद को दरोगा बताकर एक टैक्सी चालक से ठगी करने का मामला सामने आया है। फर्जी दरोगा ने आगरा जाने के लिए गाड़ी बुक कराई और सरकारी खाते से पैसे भेजने का झांसा देकर चालक से ही पांच हजार रुपये अपने नंबर पर ट्रांसफर करवा लिए। रुपये मिलते ही उसके दोनों मोबाइल नंबर बंद हो गए। थाना नहटौर के ग्राम नसीरपुर सलामताबाद निवासी निखिल चौधरी टैक्सी चलाता है। शनिवार को निखिल कुमार को आन लाइन कॉल आई कि वह दरोगा मनोज कुमार बोल रहे है। वह वर्तमान में कोतवाली शहर में तैनात है। उन्हें आगरा जाना है। जिस पर 12 प्रति किमी के हिसाब से निखिल की टैक्सी बुक कराई और उसे शहर कोतवाली आने के लिए बोला गया। बातचीत के दौरान फर्जी दरोगा ने निखिल से सरकारी खाते से पैसे डालने की बात कहते हुए एक दूसरे नंबर पर पहले तीन हजार व दो हजार रूपये डलवा लिए। इसके बाद फर्जी दरोगा ने 5 हजार रूपये डालने की बात कही। शक होने पर निखिल ने पैसे न होने की बात कही, जिस पर फर्जी दरोगा ने फोन काट दिया। इसके बाद से नंबर बंद आ रहा है। देर शाम शहर कोतवाली पहुंचे निखिल ने जब दरोगा मनोज कुमार के बारे में जानकारी की, तो पता चला कि मनोज कुमार नाम का कोई दरोगा शहर कोतवाली में नहीं है। जिस पर निखिल को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। निखिल ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। अपराध निरीक्षक धीरेन्द्र गंगवार ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# द हेज़लमून स्कूल में हुआ आर्ट इंटीग्रेशन वर्कशॉप का सफल आयोजन



**चांदपुर (चिंगारी)।** द हेज़लमून स्कूल में आर्ट इंटीग्रेशन वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में कला को सम्मिलित करके सीखने को अधिक रोचक, रचनात्मक और प्रभावी बनाना रहा। वर्कशॉप के रिसोर्स पर्सन अमित कुमार सिंह ने आर्ट इंटीग्रेशन के महत्व और उपयोगिता के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब बच्चे चित्रकला, संगीत, नाटक, गतिविधियो और रचनात्मक तरीकों से सीखते हैं, तो वे विषय को आसानी से समझते हैं और लंबे समय तक याद रख पाते हैं। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से यह समझाया कि किस प्रकार शिक्षक अपने दैनिक पाठों में कला को शामिल करके कक्षा को अधिक जीवंत और प्रेरणादायक बना सकते हैं।

विद्यालय की निर्देशिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने वर्कशॉप की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ाते हैं, उनकी सोच को विस्तृत करते हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने कहा कि कला पर आधारित शिक्षण के माध्यम से बच्चे न केवल विषय को बेहतर समझते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच भी विकसित करते हैं। उन्होंने इस प्रेरक वर्कशॉप के लिए रिसोर्स पर्सन अमित कुमार सिंह का धन्यवाद किया और कहा कि द हेज़लमून स्कूल आगे भी ऐसे सार्थक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# स्कूल में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया



गुब्बारा फोड़कर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते एस एम असलम।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एम.आई.ए. अलीगढ़ कॉन्वेंट कासमपुर गढ़ी में शनिवार को स्कूल के डायरेक्टर गय्यूर अली खान के दिशा निर्देशन में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, कला एवं प्रकृति आदि से संबंधित स्वयं के बनाए हुए मॉडल प्रदर्शित किए। अतिथियों वरिष्ठ पत्रकार एस.एम. असलम, शेख मौ. यूसुफ डॉ. ए.एच. साबरी, डॉ. जमील अहमद खान, सिराजुद्दीन मलिक, कामिल खान, शहराज सैफी, सिराज अहमद व तफसील खां आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं एस एम असलम ने गुब्बारा फोड़ कर प्रदर्शनी का उदघाटन किया। अतिथियों द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लें नौजवान- कटारिया

## 150वीं जयंती पर चांदपुर में निकली विशाल पदयात्रा



**चांदपुर ( चिंगारी )**। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी 150वीं जयंती पर नगर में विशाल भारत एकता पदयात्रा निकाली। पदयात्रा में नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शनिवार को जे.पी. पब्लिक स्कूल धनौरा रोड से शुरू हुई भारत एकता पदयात्रा नगर के मुख्य बाजार होते हुए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज पहुंचकर समाप्त हुई। वहां पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने कहा कि आज भाजपा पूरे देश में ऐसे युग पुरुष का जन्मदिन मना रही है, जिसने 562 रियासतों को एकीकृत कर भारत को इतना विस्तृत स्वरूप दिया।। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल बहुत साधारण स्वभाव के धनी थे। भारत के पहले गृहमंत्री व उपप्रधानमंत्री होने के बाद भी अपना पूरा जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से जीया। उन्होंने आज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बॉबी ने उत्तर प्रदेश में भी आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरे जी जान से जुट जाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चौ. सुधीन्द्र सिंह, विकास गुप्ता रॉकी, राजीव अग्रवाल, पुष्कर सिंह, मोहित अग्रवाल, विनय चौहान, मीनू राजपूत, नवनीत राणा, अवनीश त्यागी, विवेक कर्णवाल, अशोक कुमार नेताजी, संगीता सैनी, डा. भूपेन्द्र सिंह तोमर, दीपक सैनी, भूपेन्द्र चौहान, जितेन्द्र शर्मा, सुधीर अग्रवाल, पुखराज सैनी, जितेन्द्र त्यागी, रजनीश चौहान, शारिक जिया, मौ. साजिद, खलीलुर्रहमान, नजाकत अली, मौ. यूनुस, सुरेन्द्र खन्ना सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह ने किया।

# एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने मुंह मीठा कर जश्न मनाया



**हल्दौर ( चिंगारी )**। बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाई फूले नहीं समां रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता व गन्ना समिति के नामित संचालक ठा.वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान के नेतृत्व में गन्ना समिति के संचालको व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार जीत पर जश्न मनाते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। स्थानीय सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय पर बोर्ड की बैठक के बाद उपस्थित सभी संचालको व भाजपा कार्यकर्ताओं ने नामित संचालक ठाकुर वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान के नेतृत्व में बिहार में भाजपा की शानदार जीत व एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने पर खुशी जाहिर की और एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर जश्न मनाया। इस मौके पर ठा.वरुण प्रताप सिंह ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व व बिहार के विकास की जीत हैं। इस अवसर पर चेयरमैन चौ.नरेश कुमार, वाइस चेयरमैन पुष्कर चौधरी, परमेंद्र सिंह, ब्रजवीर सिंह, परमा सिंह, कल्याण सिंह, कौशल सिंह, श्रीमती कामेश देवी, श्रीमती चंद्रो देवी, मुकेश कुमार राठी, सुरेंद्र सिंह, परवीन सिंह, शिवम चौधरी व कपिल कुमार आदि को मौजूद रहे।

# पुलिस की कार्यशैली की जानकारी प्राप्त की

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज की कक्षा 11 और 12 की छात्राओं ने थाने का भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रायें इतिहास प्रवक्ता हरवीर सिंह के नेतृत्व में नांगल थाने पहुंचीं। पुलिसकर्मियों के साथ उन्होंने थाना कार्यालय, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, मैस आदि का भ्रमण किया और पुलिस की कार्यप्रणाली को जानने-समझने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने छात्राओं को बताया कि पुलिस 24 घंटे कार्य करती है। पीड़ित किसी भी वक्त थाने आ सकता है। गंभीर घटनाओं में फौरन कार्यवाही की जाती है। उन्होंने एक मेधावी छात्रा को 500 रूपये देकर पुरस्कृत भी किया। उपनिरीक्षक सुनील पूनिया और उपेन्द्र सिंह ने छात्राओं को महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम और तुरंत सहायता के लिये शासन द्वारा जारी किये गये टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। यदि आपके साथ या आपके पास कुछ गलत हो रहा है, तो डरें नहीं, तुरंत टोल फ्री नंबर पर पुलिस को बतायें। अविलंब कार्यवाही होगी और आपकी पहचान गुप्त रखी जायेगी। छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के पत्रक बांटे गये। छात्राओं ने अपने ज्ञानवर्धन के लिये कुछ सवाल भी पूछे।



छात्राओं को सम्बोधित करते थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक

# कौशल योजना सेंटर का उद्घाटन

**नगीना ( चिंगारी )**। एसकेएस पब्लिक हाईस्कूल में कौशल योजना सेंटर का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 35 वर्ष तक की आयु के इच्छुक अभ्यर्थी इसमें प्रवेश ले सकते हैं। इसमें कंप्यूटर,अंग्रेजी स्पीकिंग आदि कोर्स कराए जाएंगे। इस योजना का लाभ 2000 हजार अभ्यर्थी ले सकते हैं। इस मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, सौरभ मितल, महामंत्री सचिन शर्मा, अब्दुल कय्यूम राईन, ट्रेनिंग पार्टनर लवकुश कुमार, विद्यालय के चेयरमैन विजय गर्ग, प्रबंधक राखी गर्ग, प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



कौशल योजना सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन करते भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी।

# आत्मनिर्भर होने पर ही भारत बन सकेगा विकसित राष्ट्र- अमित बाल्मीकि

**नगीना ( चिंगारी )**। भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि ने कहा कि भारत के आत्मनिर्भर बनने पर ही भारत का विकसित राष्ट्र बनना संभव है। यह विचार उन्होंने आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित पार्टी की गोष्ठी में व्यक्त किए। शनिवार की दोपहर नहटौर मार्ग स्थित एक बैंकेट हॉल के सभागार में भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने एक महत्वाकांक्षी योजना बनाई है, जिसका उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ भारत को सामाजिक व तकनीकी रूप से भी क्रांतिकारी बनाना है। इस योजना से जहां स्वदेशी उत्पादन व छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं विदेशी मुद्रा की बचत भी होगी और घरेलू उत्पादों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला महामंत्री विनय राणा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल ने भी गोष्ठी को सम्बोधित किया। जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान की अध्यक्षता व कार्यक्रम संयोजक वेदप्रकाश विश्वकर्मा के संचालन में आयोजित गोष्ठी में नगीना गन्ना सहकारी समिति के अध्यक्ष अनिल राणा, मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल, सुभाष शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री अब्दुल कय्यूम राईन, पंडित सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।




भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि।



# हेल्मेट अवश्य पहनें, बेल्ट लगायें, वाहन ठीक से चलायें- सीओ

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शनिवार को उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर में यातायात माह (नवम्बर) में सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत गन्ना वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने के अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष आपराधिक घटनाओं में होने वाली मौतों से कई गुना मौतें सड़क दुर्घटनाओं में होती हैं। दुपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट जरूर पहनें, बल्कि पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट लगाना चाहिये। चौपहिया वाहन में सीट बेल्ट जरूर लगायें। नाबालिग के हाथ में कभी भी वाहन न दें। उन्होने साइबर क्राइम के प्रति भी लोगों को सचेत किया। फोन कॉल पर दिये जाने वाले किसी भी प्रलोभन से बचें। यदि लालच में आओगे, तो फंसोगे, लुटोगे।



रिफ्लेक्टर लगाने के अभियान की शुरुआत करते पुलिस और मिल के अधिकारी

क्षेत्राधिकारी ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट कुछ नहीं होता है। कोई एजेंसी किसी को गिरफ्तार करती है, तो पकड़ने के लिये उसके घर या प्रतिष्ठान पर आती है।

## मिल परिसर में नेत्र जांच शिविर लगाया

**मिल परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। डा. शहजाद नकवी, डॉ. आरजू जैदी, लवकुश, स्पर्श सोती द्वारा चालकों एवं कृषकों की आंखों की जांच की गयी। थाना नजीबाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, नांगल थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक, यातायात प्रभारी रवि नैन, मिल के महाप्रबंधक ( गन्ना ) विकास पुंडीर, चांदवीर सिंह, गन्ना समिति नजीबाबाद के चेयरमैन ब्रजकुमार, सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के वाइस चेयरमैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य मौ. यूनुस, किसान नेता दिनेश कुमार सहित काफी व्यक्ति मौजूद रहे।**

मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने कहा कि जब आप वाहन से यात्रा कर रहे होते हैं, तो घर पर कोई आपके सुरक्षित पहुंचने की राह देख रहा होता है। वाहन चलाते हुए यातायात नियमों का पालन करें। खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। साथ ही उन्होंने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि हाड़े के अनुरूप ही गन्ना लेकर आयें। हाड़े से अतिरिक्त गन्ना कृषकों को वापस लेकर जाना पड़ता है, जो सूख जाता है। गोष्ठी के उपरान्त गन्ना वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने के अभियान की शुरुआत की गई। मिल प्रशासन ने बताया कि मिल में गन्ना लाने वाले सभी वाहनों यथा बुग्गी, ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रैक्टर-ट्रॉले, ट्रक पर रिफ्लेक्टर लगाये जायेंगे।

# नूरपुर में फैशन शोरूम का उद्घाटन

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने मुरादाबाद रोड स्थित धर्मतारा कॉम्प्लेक्स में हीरा फैशन आउटफिट शोरूम का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी तसलीम अहमद इदरीसी, युवा जिला प्रभारी सन्दीप जोशी, जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी अमरोहा, मुफ्ती शाहिद, हाफिज मुकीम फरीदी, सपा के विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद, नगर अध्यक्ष जुल्फकार कुरैशी, शहर इमाम मौलाना मौहम्मद अली, नवनीत चौहान, शाहनवाज मलिक,शमीम अहमद एडवोकेट, सलीम अहमद इदरीसी, अकबर नबी इदरीसी, मुकुल गुप्ता, सरदार रविन्द्र सिंह, अजयवीर सिंह एडवोकेट, कारी हामिद, मनोज बंसल, मुफ्ती साजिद आदि मौजूद रहे। मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने कारोबार की तरक्की व मुल्क की सलामती के लिए दुआ कराई। अंत में शौरूम स्वामी जावेद इदरीसी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।



शोरूम का उद्घाटन करते विधायक रामअवतार सिंह सैनी।

# पंडित रुद्रदत्त शर्मा की पुण्यतिथि पर हुई संगोष्ठी

**धामपुर ( चिंगारी )।** पत्रकार एकता मंच के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय शिवाजी पार्क के पंडित रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में सम्पादकाचार्य पंडित रुद्रदत्त शर्मा की पुण्यतिथि पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. पंकज भारद्वाज ने कहा कि पंडित रुद्रदत्त शर्मा सत्य, साहस और निष्पक्षता के प्रतीक थे, जिनके सिद्धांतों पर चलकर ही पत्रकारिता की मर्यादा और गरिमा को बनाए रखा जा सकता है।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद धामपुर के पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार दिनेशचन्द्र अग्रवाल 'नवीन', डॉ. सारंगादेश असीम और नजीबाबाद से आए पत्रकार अमन त्यागी आदि ने भी संपादकाचार्य पंडित रूद्रदत शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबंधित अनेक तथ्यों और संदर्भों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पत्रकार एकता मंच के संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट ने कहा कि संपादकाचार्य जी की पत्रकारिता युवा पत्रकारों के लिए आदर्श है। संगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद शाकिर अंसारी ने किया। संगोष्ठी में प्रतिष्ठित नागरिकों में प्रमुख रूप से राजकुमार वर्मा, प्रमोद अग्रवाल, डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल', कपिल तुली, पराग अग्रवाल, राम सिंह सैनी सुमन आदि उपस्थित रहे। पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष मनोज कुमार कात्यायन ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए किया। संगोष्ठी में संयोजक राहुल श्याम, इंतखाबुर्रहमान अमित कुमार शर्मा, विपिन सैनी, राकेश कश्यप, नवचेतन शर्मा, रोमियो मयूर, लोकेश शर्मा, राजीव कुमार आदि का योगदान रहा।



पंडित रूद्रदत शर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पत्रकार।

# कन्या इन्टर कॉलेज में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

## छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक द्वारा उनके संघर्ष की गाथा दर्शाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** कन्या इंटर कॉलेज धामपुर में वनवासी हुतात्मा बिरसा मुंडा जयंती पर विविध सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद आदिवासी संस्कृति को दर्शाने वाली मनमोहक आदिवासी नृत्य प्रस्तुति हुई, जिसमें आयशा, गौरी और वंशिका ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। छात्राओं सिमरन, भूमि, मीनाक्षी, राशि और जोया ने प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बिरसा मुंडा के संघर्ष, जनहित के संदेश और समाज सुधार के विचारों को सजीव किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी कला प्रतिभा का परिचय दिया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं मार्गदर्शन में शिक्षिकाओं—जॉली, सुषमा कुमारी, उषा रानी, सारिका, रीना यादव, अर्चना गुलाटी और धर्मवती का विशेष सहयोग रहा।



# बिहार चुनाव ने सिद्ध कर दिया मोदी है तो सब मुमकिन है : शमीम अहमद

**धामपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी शमीम अहमद फल आढ़ती ने कहा कि बिहार विधानसभा के चुनाव में एनडीए गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार के गठन होने से यह साबित हो गया है कि देश में मोदी हैं तो सब मुमकिन है। प्रेस को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने लालू यादव के परिवारबाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद को नकारकर विकास और सुशासन को ध्यान में रखते हुए भारी बहुमत से एनडीए की सरकार का गठन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का वोट चोरी के झूठे आरोप को जनता ने बुरी तरह नकार दिया है और उन्होंने लोकतांत्रिक परंपरा में विश्वास रखते हुए यह साबित कर दिया है कि देश संविधान से चलता है।



शमीम अहमद फल वाले

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत आज बिहार में लगातार एनडीए की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार के साथ बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में जीत का प्रभाव पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में होने वाले चुनाव पर पड़ेगा और 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पुन: भाजपा की सरकार का गठन होगा। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर अनर्गल वोट चोरी का आरोप भी लगाया था, परंतु बिहार की जनता ने भारी संख्या में मतदान करके उनको करारा जबाव दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब केंद्र की सरकार भी मजबूती के साथ चलाएंगे।

# पंज प्यारों की अगुवाई में ताजपुर में निकला भव्य नगर कीर्तन

**राजा का ताजपुर (चिंगारी)।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में सिक्ख संगत द्वारा गुरुबाणी कीर्तन दरबार सजाया गया तथा पंज प्यारों की अगुवाई में परम्परागत भव्य नगर कीर्तन सर्वधर्म सद्भाव के बीच निकाला गया। गुरुबाणी कीर्तन दरबार में पंजाब से पहुंचे रागी भाई कुलविंद्र सिंह, बाबा हरजिंदर सिंह, भाई गौतम सिंह ने संगत को गुरुबाणी कीर्तन से निहाल किया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन डा. एमपी सिंह, एएचएम हॉस्पिटल के चेयरमैन हाफ़िज उस्मान





अंसारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष महबूब आलम, जिला पंचायत सदस्य इमरान अहमद, ग्राम प्रधान हाजी शमशाद फरीदी, पूर्व ग्राम प्रधान अशोक त्यागी, पूर्व प्रधान सुरेश कुमार सैनी, आर के एसएम के प्रबंधक बलराम सिंह, सत्येंद्र कुमार आर्य, डॉ. अरुण अग्रवाल, संघ चालक डा. रोहिताश सिंह, जीतेन्द्र कुमार, अंकित शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, होरी सिंह त्यागी, डा. राजपाल सिंह, कमरुल हफिज सिद्दीकी, सुमित शर्मा गुरु घर के सेवादार सुरजीत सिंह लक्की, समेन्दर सिंह भंडारी, जिला गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह प्रिंस, अमरजीत सिंह एडवोकेट, त्रिलोचन सिंह, जसपाल सिंह रवि आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुरुप्रीत सिंह नूर ने किया। ज्ञानी जीतेन्द्र सिंह ने सरबत के भले वास्ते अरदास की। अरदास उपरांत पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन का शुभारम्भ हुआ। नगर कीर्तन में पगड़ी वाले बाबा बलवंत सिंह, धार्मिक झांकिया, बैंड, अखाड़ा, कीर्तनीय जत्थे आदि शामिल रहे। नगर कीर्तन का नेतृत्व नानक सिंह, सुरेंदर सिंह, सतनाम सिंह, सेवा सिंह, कमलजीत सिंह नूर, सतवीर सिंह, गुरुदयाल सिंह, सतवेंदर सिंह गुजराल, हरजीत सिंह, रवि, जैकी, प्रभुजोत सिंह बादल, सचिन आदि ने किया। मुस्लिम समाज, गुरु रविदास कमेटी ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर आतिशबाजी की गई।

## मधुमक्खियों के हमले से किसान की मौत

**छछारी मोड़ (चिंगारी)।** ग्राम सिकंदरी निवासी महेंद्र सिंह (50 वर्ष) गन्ने की छिलाई कर रहे थे। अचानक मधुमक्खियों के झूंड ने उन पर हमला बोल दिया। वह जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे और गन्ने के खेत में जा गिरे और वहीं बेहोश हो गये। जब वह शाम तक घर नहीं पहुंचे तो घर वालों ने उनकी तलाश शुरू की। जब गन्ने के खेत में जाकर देखा तो वह मृत अवस्था में पड़े हुए थे। घर वाले उनको उठाकर डॉक्टर के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मक्खियों के काटने से मृत्यु का कारण पता चला। उनका अंतिम संस्कार विदुर कुटी गंगा घाट पर कर दिया गया। मृतक के दो बच्चे हैं और परिवार में शोक व्याप्त है।

## आवश्यक सूचना

हमारे दो बैनामे जिनकी बही सं. 1, जिल्द सं.-6572 पृष्ठ सं.-19 से 32, क्रमांक- 1515 तथा दूसरा बैनामा बही सं.-1, जिल्द सं.-6573, पृष्ठ सं.-33 से 44, क्रमांक- 1516, दिनांक 27/1/2011, दोनों का खसरा नं. 366 व क्षे. 40.18 वर्ग मी. है। दोनों के क्रेता-श्रीमती जुमरत खातून व विक्रेता-उदयवीर सिंह हैं, कहीं गुम हो गये हैं।

**- बलकरन सिंह पुत्र रामलाल सिंह, ग्राम सदाफल, जिला बिजनौर**

# आम के बाग में पेड़ से लटका मिला व्यापारी का शव

**अफज़लगढ़ (चिंगारी)।** ग्राम मेघपुर निवासी मौ. हनीफ (52 वर्ष) पुत्र मौ. यासीन द्वारा शुक्रवार सुबह ग्राम शिवपुरी मोड़ स्थित नरेश कुमार के आम के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मौ. हनीफ काशीपुर रोड पर सीमेंट-सरिया के व्यापारी थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौ. हनीफ रोज़ की तरह सुबह अपनी दुकान खोलने के लिए घर से निकले थे, लेकिन आज उन्होंने दुकान नहीं खोली। करीब सुबह 9 बजे मृतक के बड़े भाई हाजी नसीम अहमद को पुलिस से फोन पर सूचना मिली कि उनके भाई का शव एक पेड़ से लटका मिला है। सूचना मिलते ही हाजी नसीम अहमद मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने भाई का शव जमीन से लगभग तीन फीट की ऊंचाई पर लटका देखा। यह दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौ. हनीफ द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मृत्यु के कारण का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। मृतक के छोटे भाई द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# बिजनौर में कल निकलेगी ऐतिहासिक एकता पदयात्रा

## सदर विधायक एवं मौसम चौधरी ने की विशेष तैयारियां



बिजनौर ( चिंगारी )। बिजनौर सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ( मौसम भैया ) के सौजन्य से सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भारत आत्मनिर्भर भारत एकता पदयात्रा कल 17 नवम्बर को निकाली जायेगी। यह पदयात्रा कल प्रात: 10 बजे वर्धमान कॉलेज से शुरू होकर डीएवी कॉलेज के सामने से नई बस्ती होते हुए बुल्ला के चौराहे से नगर पालिका चौक और शक्ति चौराहा होते हुए अपराह्न 3 बजे वापस वर्धमान कॉलेज पहुंचेगी। पदयात्रा के दौरान इन मार्गों पर सभी दुपहिया, चौपहिया और ई-रिक्शा वाहन बंद रहेंगे। पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने की युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। माना जा रहा है कि यह जिले की सबसे बड़ी एकता पदयात्रा होगी। ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने पदयात्रा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिये पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मौसम समर्थकों में पदयात्रा को लेकर गजब का उत्साह है। पदयात्रा के दौरान शहर का वातावरण पूरी तरह देशभक्तिमय बनाने की योजना बनाई गई है। पदयात्रा को लेकर शहरवासियों में भी कोतूहल व उत्साह देखा जा रहा है।




# गन्ना मूल्य पर सरकार का रवैया

## एक हाथ से देने और दूसरे हाथ लेने वाला- राघव प्रताप



नांगल सोती ( चिंगारी )। किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के डायरेक्टर (संचालक) राघव प्रताप एड. का कहना है कि सरकार एक तरफ 30 रु. प्रति कुंतल की गन्ना मूल्य वृद्धि करने का श्रेय ले रही है, तो दूसरी तरफ क्रय केन्द्रों से ढुलाई कटौती को बढ़ाकर चुपके से किसान की जेब ढीली कर रही है। किसान चिंतक राघव प्रताप एड. का कहना है कि गन्ना मूल्य पर सरकार का रवैया एक हाथ से देने का, तो दूसरे हाथ से लेने वाला है। पहले गन्ना मूल्य वृद्धि अगेती, सामान्य और रिजेक्टेड तीनों प्रजातियों में होती थी। इस बार केवल अगेती और सामान्य प्रजातियों के मूल्य में ही वृद्धि की गई है। रिजेक्टेड प्रजाति का रेट पूर्ववत 355 रु. प्रति कुंतल ही रखा गया है। दूसरे ये कि चीनी मिलों के बाह्य क्रय केन्द्रों से गन्ने का परिवहन मिल गेट तक कराये जाने हेतु किसान से 45 पैसे प्रति कुंतल प्रति किमी. की ढुलाई कटौती होती थी, मगर इस बार इस कटौती को बढ़ाकर 60 पैसे प्रति कुंतल प्रति किमी. कर दिया गया है। अधिकतम ढुलाई कटौती को 9 रु. से बढ़ाकर 12 रु. प्रति कुंतल कर दिया गया है। इसके अलावा किसान बाह्य क्रय केन्द्रों पर 18 कुंतल की पर्ची पर 26 कुंतल तक गन्ना तौल लेते थे, मगर नये आदेश के अनुसार अब 21.60 कु. गन्ना ही तौल सकेंगे, जिससे किसान के ट्रैक्टर में अधिक तेल फुंकेगा। सरकार ने गन्ने के दाम बढ़ाकर एक हाथ से दिया है, तो ढुलाई कटौती और तौल के कम वजन का निर्धारण करके दूसरे हाथ से छीनने का काम किया है।

# मंडावर में श्री महन्त इंद्रेश अस्पताल ने लगाया विशाल कैम्प



शिविर कैंप में लोगों को चेक करते डॉक्टर

## हजारों लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ जांच कराकर ली दवाइयां

मंडावर ( चिंगारी )। मंडावर में स्थित फैमिली आई केयर के सौजन्य से श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित श्री महन्त इंद्रेश अस्पताल देहरादून ने कैंसर जागरूकता शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें श्री महन्त इंद्रेश अस्पताल देहरादून द्वारा 30 डॉक्टरों की टीम ने कैंसर जागरूकता सहित नेत्र शिविर, जनरल फिजिशियन, पथरी रोगी, हड्डी रोगी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल शिशु रोग आदि बीमारियों का जांच कर नि:शुल्क इलाज किया गया। वहीं श्री महन्त इंद्रेश अस्पताल के ब्रांड एंबेसडर सुमित प्रजापति ने चिंगारी से बात करते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर में हर बीमारी का इलाज नि:शुल्क होगा। उन्होंने बताया कि 3 हज़ार से ज्यादा लोगों की आंखों में नि:शुल्क लेन्स डालने का काम किया, समय-समय पर श्री महन्त इंद्रेश की ओर से लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ सेवाएं देते रहते हैं। आज के शिविर में 30 डॉक्टरों की टीम ने करीब 2 हजार लोगों का चेकअप कर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई हैं।




चिंगारी पत्रकार मोईन अहमद को सम्मानित करते श्री महन्त इंद्रेश अस्पताल देहरादून के ब्रांड एंबेसडर सुमित प्रजापति एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. फैजान अहमद

# आरआर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का समापन




नूरपुर ( चिंगारी )। स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर प्राची गुप्ता व प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। समापन समारोह के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि खेल हमें भावनात्मक रूप से जोड़ने का काम करते हैं। खिलाड़ियों को असफलता मिलने पर कभी निराश नहीं होना चाहिए, हमें हार-जीत दोनों से सदैव जुड़े रहना चाहिए। बाल दिवस के अवसर पर दो दिन तक चली वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में स्कूल के बालक एवं बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह के अनुसार प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में कक्षा छ: में भूपेंद्र प्रथम, कृष्णा द्वितीय, अथर्व शर्मा तृतीय, कक्षा सात में परीक्षित प्रथम, देव प्रताप द्वितीय, उज्जवल तृतीय, कक्षा आठ में आरव प्रथम, रुद्रा द्वितीय, आर्यन तृतीय, कक्षा नौ में सूर्यांश प्रथम, देव चौहान द्वितीय, हर्षित तृतीय, कक्षा दस में शौर्य सिंह प्रथम, कृष्ण यादव द्वितीय, शिव चौधरी तृतीय, कक्षा ग्यारह में आर्यन प्रथम, जैद द्वितीय, दिव्यांश तृतीय, कक्षा बारह में शिवम गौप प्रथम, दिव्य द्वितीय, अभिनव तृतीय, बालिका वर्ग में कक्षा छ: में अंजलि प्रथम, जिया चौहान द्वितीय, दिव्यांका तृतीय, कक्षा सात में निधि प्रथम, यशी चौहान द्वितीय, प्रियांशी यादव तृतीय, कक्षा आठ में भूमि प्रथम, त्रिवेंद्रा द्वितीय, अंकिता तृतीय, कक्षा नौ में खुशी चौहान प्रथम, अनन्या शर्मा द्वितीय, सिद्धि डागर तृतीय, कक्षा ग्यारह में हिफ्ज़ा प्रथम, जसमीत द्वितीय, आरुषि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में रेड हाउस ने ग्रीन हाउस को दस-छ: के अन्तर से तथा जूनियर बालक वर्ग से यलो हाउस ने ब्लू हाउस को सात-पांच के अंतर से सीनियर वर्ग में येलो हाउस ने ब्लू हाउस को नौ-आठ के अंतर से पराजित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संजीव डबास, जीवन सिंह, चंचल कटारिया, अजय चौहान,मीनू वर्मा, प्राची चौहान, रंजना चौहान, रीतु राजपूत, विरेंद्र चौहान, रितु रानी, बबीता पाल, भूमिका चौहान, प्रीति चौहान, रजनीश चौहान, कुसुम लता आदि का सहयोग रहा।

# सौरभ को गुलदार ने मारा या उसकी हत्या की गई?

## खेत में मिला शव, आधा गाल जानवर द्वारा खाया गया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** 12 नवम्बर से गायब युवक का शव शनिवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे उसके ही गन्ने के खेत में पड़ा मिला। युवक का आधा गला खाया हुआ था, जिससे गुलदार द्वारा हमला कर मार डालने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि शरीर पर कहीं और गुलदार के हमले के निशान न होने के कारण युवक की हत्या की आशंका जतायी जा रही है।



मृतक का फाइल फोटो

ग्राम सादुल्लानगर (तिसोतरा) निवासी युवक सौरभ तोमर (30 वर्ष) पुत्र सुभाष तोमर 12 नवम्बर को अपराह्न लगभग 2 बजे अपने खेतों पर गया था। शाम तक जब वह वापस घर नहीं पहुंचा, तो उसके पिता सुभाष उसे खेत पर देखने पहुंचे। युवक की साइकिल तो नलकूप के सामने खड़ी मिल गई थी, मगर उसका कुछ पता नहीं लगा था। शुक्रवार की शाम पिता ने थाने जाकर पुत्र की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। सुभाष तोमर ने बताया कि शनिवार को अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे वह गन्ना छिलाई वाले खेत से गन्ने के दूसरे खेत में होते हुए नलकूप पर जा रहा था कि उसे खेत में अपने पुत्र का शव पड़ा मिला। युवक का आधा गला किसी जानवर द्वारा खाया हुआ प्रतीत हो रहा था। पिता व कुछ ग्रामीणों द्वारा आशंका जताई गई कि युवक को गुलदार ने हमला करके मारा है तथा गले का मांस खा लिया है। परिजन पोस्टमार्टम कराना नहीं चाहते थे और ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार के लिये अर्थी बनानी भी शुरू कर दी थी, तभी वहां पहुंचे थानाध्यक्ष सतेन्द्र तोमर ने परिजनों से कहा कि युवक की गुमशुदगी दर्ज है, इसलिये शव का पोस्टमार्टम जरूरी है। परिजनों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिये बिजनौर भिजवाया गया। गले के अलावा युवक के शरीर को कहीं और से नहीं खाया गया था और न ही कहीं और पंजे या दांत के निशान नजर आये। हालांकि क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया गुलदार के हमले से मृत्यु होना नज़र आ रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के वास्तविक कारण का पता लगेगा।

### पिता का एक मात्र सहारा था सौरभ

*मृतक अपने पिता का इकलौता सहारा था। उसके छोटे भाई की कई वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मृतक की शादी को 7-8 वर्ष हो चुके थे, मगर उसकी कोई संतान नहीं थी। कुछ समय पहले उसके नवजात बच्चे की मृत्यु हो गई थी। सौरभ के पिता ने बताया कि काफी समय से वह सुस्त रहता था। खेती का काम करने में भी उसकी ज्यादा रुचि नहीं रहती थी। युवक की मृत्यु से परिजनों पर वज्रपात हो गया।*

### रात में चिकित्सकों के पैनल ने किया पीएम

*नांगल सोती। गत रात्रि युवक के शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल द्वारा किया गया, जिसमें एक पशु चिकित्सक भी शामिल थे। चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट रविवार को (आज) तैयार करने के लिये कहा था। आज सुबह जल्दी ही युवक के शव को अंतिम संस्कार हेतु ले जाया गया। थानाध्यक्ष सतेन्द्र तोमर का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उसी से युवक की मृत्यु के वास्तविक कारण का पता लगेगा। उधर क्षेत्र में युवक की मृत्यु को लेकर तमाम तरह की अफवाहें उड़ रही हैं।*

# आर्य समाज का 115वां वार्षिकोत्सव मनाया





**चांदपुर (चिंगारी)।** आर्य समाज का 115 वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। बीती रात नगर के मुहल्ला साहुवान स्थित आर्य समाज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वेद वेदांग गुरुकुल सुल्तानपुर से आये शुचिशद मुनि जी ने अपने व्याख्यान में मनुष्य जीवन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा के जो मानव श्रेष्ठ कर्म करते हैं तो दूसरा जीवन मनुष्य का मिलेगा और जो दुष्कर्म दुर्व्यसन करते हैं उन्हें मानव जीवन नहीं मिलता है। कार्यक्रम में संजीव बंसल काके,पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, अनुज गुप्ता, विनय अरोड़ा, डा. दिवाकर भाटिया, मनोज भाटिया, अजय वर्मा, सुबोध गुप्ता, आदित्य बंसल, पं. टेकचंद शर्मा, मयंक अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, डा. दीपक अरोड़ा, नीतू अरोड़ा, सुमन जावा, सुमन आर्य, लवकुमार प्रधान, अरूण कथूरिया सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश गोयल ने तथा संचालन अतुल भाटिया ने किया। सुबह के समय हवन यज्ञ हेतु 4 कुंड लगाये गये, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने आहुति दी तथा विश्व में अमनचैन कायम रहने तथा राष्ट्र कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# भाजपा की जीत की खुशी मनाई



**स्योहारा (चिंगारी)।** बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद नगर में खुशी मनाई गयी। शिवमूर्ति पर भाजपा नेता पीयूष रस्तौगी ने आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटी। स्टेशन रोड स्थित एक दुकान पर भाजपाइयों ने खुशी का इजहार करते हुए मिठाई खिलाकर कर एक-दूसरे बधाई दी। इस दौरान सुभाष चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, देशबंधु, अमित शर्मा, अनिल जैन, शशांक विश्नोई, बदर खान, अनुराग भटनागर आदि मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम (ARVIND KUMAR) था, जो मैंने अब बदलकर (ARVIND KUMAR VARMA) रख लया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाये।

**– अरविन्द कुमार वर्मा पुत्र श्रीयांश प्रकाश वर्मा, निवासी मौहल्ला चौहानान, कस्बा व थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

# कॉलेज में हुई खेल प्रतियोगिताएं



प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते प्रबंधक डॉ. आलमगीर काजमी।

**नगीना (चिंगारी)।** एके मुस्लिम इंटर कॉलेज में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार की सुबह स्कूल के संस्थापक मोहम्मद आजम काजमी के जन्म दिवस पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर आलमगीर काजमी ने किया। कबड्डी में उजेफ, उबेद, शाहवेज, हमजा, अरहम, असद, साकिब ने बाजी मारी। खो-खो में फातिमा जहरा, सिद्धा नाज, लुबना, फरहा, गुलनशी ने स्थान पाया। 100 मीटर रेस में आयशा, आयजा, 200 मीटर रेस में खदीजा व मदीहा ने बाजी मारी। डांस प्रतियोगिता में चांदनी, फरहीन, सिद्धा, अदिना ने पहला स्थान पाया। प्रबंधक डॉक्टर आलमगीर काजमी, प्रधानाचार्य जेबा हनीफ, मोहम्मद आसिफ शम्सी ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

# भगैन में बिजनौर शुगर मिल के गन्ना क्रय केन्द्र का शुभारंभ

**पीली चौकी (चिंगारी)।** शुक्रवार को ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल के ग्राम भागैन में बिजनौर शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्र का शुभारंभ पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह द्वारा किया गया। किसानों ने बताया कि पहले गन्ना क्रय सैंटर बिलाई शुगर मिल का था। बिलाई शुगर मिल के द्वारा सही समय पर गन्ने का भुगतान न होने के कारण किसान परेशान थे। उन्होंने अपनी परेशानी भारतेंद्र सिंह को बतायी थी। कुंवर भारतेंद्र सिंह के प्रयास से शुक्रवार को बिजनौर शुगर मिल के क्रय केंद्र का शुभारंभ होते ही किसान के चेहरे खिलते दिखाई दिये। किसान भाइयों ने कुंवर भारतेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया व स्वागत किया। प्रधान नौभार सिंह, रामौतार सिंह, डा. नीटू सिंह, तापेंद्र सिंह, मोहित कुमार, समरपाल सिंह, राम सिंह, रविश कुमार व अन्य काफी किसान भाई उपस्थित रहे।



## सुमन जी की जयंती पर सम्मानित होंगे विशिष्टजन

**धामपुर (चिंगारी)।** स्वाधीनता संग्राम सेनानी चरणसिंह सुमन की 101 वी जयन्ती के अवसर पर अखिल भारतीय चरणसिंह सुमन विचार मंच के अध्यक्ष सूर्य कान्त सुमन ने 2025 के लिए इन्द्रदेव भारती, शिक्षाविद डॉ. अशोक कुमार रूस्तगी प्राचार्य महाविद्यालय कासगंज बरेली, प्रो. राजेश चौहान, आर. एस. एम. पी जी कालेज, धामपुर, वरिष्ठ शिक्षा सेवी डा. एस. के. राजदूत, एवं श्रीमती नीरा गोयल गांधी नारी कल्याण समिति धामपुर, अभिषेक गुप्ता को सराहनीय कार्य के लिये सम्मानित करने की घोषणा की है।

# जीटीबी स्कूल में हुई आर्ट एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**नूरपुर ( चिंगारी )।** धामपुर रोड स्थित गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में सुभाष हाउस, गाँधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस व तेज हाउस के बीच मास्टर शेफ प्रतियोगिता, तेजेंद्र कौर मेमोरियल आर्ट प्रतियोगिता और क्वीन्स ऑफ टाइम भारतीय इतिहास की महान महिला हस्तियों को समर्पित फैंसी ड्रेस शो का आयोजन हुआ। इसमें सभी पांच हाउस के कक्षा तीन से बारह तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। नन्हा बचपन सेक्शन ने भी तेजेंद्र कौर मेमोरियल आर्ट प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाया।कार्यक्रम की मुख्यातिथि ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, जीजीआईसी धामपुर की प्रधानाचार्या मिथलेश, कन्या इंटर कॉलेज की लेक्चरर रुचिका, तेज मोमेरियल हॉस्पिटल की निदेशक डॉ.जसविंदर कौर के स्वागत के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ।मास्टर शेफ में तेज हाउस प्रथम, सुभाष द्वितीय,



जीटीबी स्कूल में बच्चों को पुरस्कृत करती आकांक्षा चौहान।

टैगोर हाउस तृतीय रहे। सबसे अच्छा खाना आलू टिक्की रहा जो संस्कृति कक्षा 11 तेज हाउस ने बनाया क्वीन्स ऑफ टाइम में सुभाष हाउस प्रथम, तेज हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। सबसे अच्छी सिदरा (सुभाष हाउस) हरमनप्रीत के किरदार में रही तेजेंद्र कौर मेमोरियल आर्ट प्रतियोगिता में सुभाष हाउस प्रथम, भगत सिंह हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस और तेज हाउस तृतीय रहे। सर्वश्रेष्ठ आर्ट नव्या कक्षा 5, सुभाष हाउस से दीप्ति यादव आठवीं ए भगत सिंह हाउस,रीत चौधरी(तेज हाउस,भूमि ढकवान तेज हाउस सबसे अच्छे एंकर रिया सैनी क्लास 12 ए, भूमि ढकवान क्लास 12 सी, प्रभा सिमरन कौर क्लास 9, अलीज़ा गिलानी क्लास 9,रीत चौधरी क्लास 10, परी यादव क्लास 11 रहे। हिंदी एंकरिंग में जसप्रीत कौर क्लास 9 सबसे अच्छी रही।सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह, निदेशक रिम्पल कौर प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने

## विधायक सुशांत सिंह के नेतृत्व में हरेवली में निकली एकता पदयात्रा



**हरेवली ( चिंगारी )।** भाजपा के कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख व बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देश के प्रथम केंद्रीय मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 की जयंती पर भारत एकता पदयात्रा निकाली। यात्रा का ग्रामीणों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। आज सुबह हरेवली में भारत एकता पदयात्रा शिव मंदिर के प्रांगण से गांव के मुख्य मार्ग से निकलती हुई लगभग 3 किलोमीटर क्षेत्र में निकाली गयी गाँव के मुख्य बाजार में संपन्न की गई। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों ने फूल मला व फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा का संचालन कार्यक्रम के संयोजक जयवीर पंचवाल ने किया। पदयात्रा में आए क्षेत्रीय लोगों को भोजन भी कराया क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने भाग लिया पदयात्रा में शामिल जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलोत दिनेश सैनी अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह कार्यक्रम संयोजक जयवीर पंचवाल मंडल अध्यक्ष भीम सिंह सैनी विजय सिंह चौहान हेमपाल सिंह गुर्जर राजा राम सिंह सतीश कुमार मंडल अध्यक्ष विनय कुमार सहदेव भारद्वाज जयप्रकाश सिंह जी मोहन सिंह कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

## 12 वर्षीय हुज़ैफ़ा ने कुरआन हिफ़्ज़ की डिग्री हासिल की

**पैजानिया ( चिंगारी )।** थाना हल्दौर के गांव पावटी निवासी हाफिज नसीम के 12 वर्षीय पुत्र ने



इस्लाम धर्म की सबसे बड़ी डिग्री हाफिज ए कुरान मुकम्मल की है। हाफिज नसीम एक समाजसेवी व्यक्ति हैं। पास के गांव मुकरपुर सत्ती में इमामत कराते हैं! हाफिज नसीम के 12 वर्ष के पुत्र हुजैफा ने मदरसा अल्लमाहदुल्ला इस्लामी नूरपुर से कुरआन हिफ्ज किया है। इस मुक़द्दस मौके पर गांव सेकड़ो सम्मानित लोगो ने हाफिज नसीम को मुबारक बाद दी है और हाफिज हुजैफा के उज्वल भविष्य की दुआओं से नवाजा है।

## ओवरलोडेड ट्रक कर रहे विद्युत आपूर्ति बाधित

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर चलने वाले ओवरलोडेड गन्ना ट्रक नगर की विद्युत आपूर्ति को बाधित कर रहे हैं। ट्रको में भरा गन्ना हाइवे से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टच होने के कारण जहां बार बार फाल्ट हो रहे हैं वहीं बड़े हादसे का खतरा भी उत्पन्न हो रहा है। जानकारी के



अनुसार नगर में रामसहाय वाला की चुंगी के निकट हाईवे के ऊपर से 11 हजार की हाइटेंशन लाइन काफी ऊँचाई पर गुजर रही है। गन्ना का सीजन शुरू होने के बाद से उक्त स्थान पर आये दिन ट्रकों में भरा गन्ना तारों से टच होकर स्पार्किंग होने के कारण फाल्ट हो रहे हैं । लाइन में फाल्ट हो जाने के कारण कई कई घंटे नगर की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाती है। जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बार बार फाल्ट ठीक करने में विद्युत कर्मियों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी रही है। बार बार ट्रको का गन्ना तारों से टच होने के कारण बड़े हादसे का खतरा भी पैदा हो रहा है। विद्युत विभाग के जेई मौ मुईनुद्दीन ने बताया कि हाइवे से गुजरने वाले ट्रकों का गन्ना काफी ऊंचाई से गुजर रही लाइन में टच होकर स्पार्किंग के कारण फाल्ट होने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। फाल्ट होने पर उसे तत्काल ठीक कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि ओवरलोड वाहनों पर रोक नहीं लगी तो कभी भी कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती है।

## आवारा कुत्तों का आतंक, बच्ची सहित कई को काटा

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। एक मुहल्ले में आवारा कुत्ते ने एक बच्ची सहित कई लोगों को काट लिया। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से कुत्तों को पकड़वाने की मांग की हैं। जानकारी के अनुसार यहां धूलिया मंदिर के सामने सेमीवाला मुहल्ले में दर्जनो आवारा कुत्ते झुण्ड बनाकर घूमते रहते हैं तथा मुहल्ले के आने जाने वाले लोगों पर हमला करने को उतारु रहते हैं और काट भी लेते हैं। शनिवार की शाम अपने घर के बाहर खेल रही शकील इदरीसी की पुत्री सानया पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया और उसको हाथों पैरों कई जगह काटकर उसको लहुलुहान कर दिया। बामुश्किल लोगों ने उसे कुत्तों से बचाया लेकिन इस दौरान आवारा कुत्तों ने बच्ची को बचाने वालों पर भी हमला बोल उन्हें भी काट लिया। जिससे मुहल्ले वालों में दहशत का माहौल हैं। मुहल्ले के लोगों ने नगर पालिका कार्यालय जाकर पालिका अधिकारियों से आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने की जानकारी देते हुए उन्हें पकड़वाने की मांग की। जिस पर पालिका प्रशासन ने शीघ्र कार्यावाही करने का आश्वासन दिया हैं।


आवारा कुत्तों के काटने से जख्मी बच्ची सानिया।

## भोजन की तलाश में कार्बेट पार्क से नेपाल तक का सफर तय कर रहे गिद्ध

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के गिद्धों को लेकर किए गए एक महत्वपूर्ण शोध में यह खुलासा हुआ है कि भोजन की तलाश में ये दुर्लभ पक्षी एक हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तक उड़ान भर रहे हैं।**

जानकारी के मुताबिक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ द्वारा संचालित इस अध्ययन में यह भी पाया गया है कि आने वाले समय में गिद्धों की संख्या में वृद्धि की संभावना है जोकि संरक्षण प्रयासों के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। वन विभाग के अनुसार गिद्धों के व्यवहार और गतिविधियों को समझने के लिए पिछले वर्ष कॉर्बेट पार्क में झुंड में रहने वाले लगभग पाँच गिद्धों पर रेडियो टैगिंग की गई थी। इस टैगिंग से मिली लोकेशन रिपोर्ट के अनुसार कॉर्बेट से निकलने वाले गिद्ध कभी राजाजी नेशनल पार्क क्षेत्र में देखे गए तो कभी नेपाल तक


पेड़ पर बैठे गिद्ध।

पहुंचते दर्ज किए गए। शोधकर्ताओं का मानना है कि भोजन की तलाश ही इनकी लंबी यात्राओं का प्रमुख कारण है। बताया जाता है कि कॉर्बेट क्षेत्र के गिद्ध खुले मैदानी इलाकों और आबादी के आसपास स्थित नदी तटों पर रहना पसंद करते हैं। सामान्यत: ये चार सौ से पाँच सौ किलोमीटर तक भोजन की खोज में भटकते हैं। लेकिन इस शोध में एक हजार किलोमीटर से भी अधिक दूरी तय करने की पुष्टि हुई है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि रेडियो टैगिंग से यह स्पष्ट हुआ है कि कॉर्बेट के गिद्ध भोजन की तलाश में नेपाल तक प्रवास कर रहे हैं। गिद्धों के रहन-सहन और व्यवहार को लेकर अध्ययन जारी है। शोध में मिले प्रारंभिक संकेतों से गिद्धों की संख्या बढ़ने की संभावना भी दिख रही है।

# पिता ने ही किया था सलमान का खून

## चिंगारी ने 11 नवम्बर को ऐसी आशंका व्यक्त की थी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** 11 नवंबर को सलमान की हत्या के मामले में चिंगारी में प्रकाशित समाचार में आंशका जाहिर करते हुए लिखा था कि कलयुग ने तो अपनी छाप छोड़ते हुए किसी अपने ने तो सलमान की हत्या नहीं की, पुलिस के खुलासे ने चिंगारी की खबर पर प्रमाणिकता की मुहर लगाई और बताया कि सलमान की हत्या उसके ही पिता ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर की थी। थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम बुढेरन में 9 नवंबर को आम के बाग में युवक सलमान पुत्र नफीस का शव मिलने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। शुरुआती जांच में जिन दो लोगों को नामजद किया गया था, उनकी संलिप्तता झूठी पाई गई। विवेचना में सामने आया कि हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि मृतक सलमान के पिता नफीस ने ही दो साथियों के साथ मिलकर की थी।



पुलिस के अनुसार, मृतक के पिता नफीस पुत्र शरीफ ने शुरुआत में नदीम और वकील नाम के दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी, जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया। लेकिन जांच में दोनों निर्दोष निकले और वास्तविक आरोपी सामने आ गए।

घटना में नफीस पुत्र शरीफ निवासी ग्राम बुढेरन (मृतक का पिता), शमशाद पुत्र खलील निवासी मंसूर सराय, महावीर उर्फ पप्पू पुत्र हरिश्चंद्र निवासी ग्राम पिथापुर, स्योहारा की संलिप्ता पाई गयी। पुलिस ने मौके से अलाकत्ल ईंट का आधा टुकड़ा भी बरामद किया। पुलिस ने सभी को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि पुछताछ में सलमान के पिता ने बताया कि वह अपने बेटे की गलत हरकतों से तंग आ गया था, इसके चलते उसने ये कदम उठाया ।

# बिजरानी रेंज में मिला गुलदार का शव

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शनिवार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज के रिंगौड़ा बीट के फूलताल ब्लॉक में गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को एक व्यस्क गुलदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वनकर्मियों ने तत्काल उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद विभागीय अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षा घेरा प्रदान किया। प्राथमिक जांच में गुलदार के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। जिससे किसी तरह की अवैध गतिविधि या शिकार की आशंका नहीं जताई जा रही है। वन अधिकारियों ने बताया कि शव मिलने के बाद एनटीसीए (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) के दिशा-निर्देशों के अनुसार पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वन विभाग के विशेषज्ञ पशु चिकित्सक पोस्टमार्टम कर मृत्यु के वास्तविक कारणों की जांच कर रहे हैं। क्षेत्र में अतिरिक्त गश्त बढ़ा दी गई है ताकि अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विभाग ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इस अवसर पर उपनिदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व राहुल मिश्रा, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी दुष्यंत शर्मा व राहुल सती, एजी अंसारी, चन्द्रशेखर सुयाल, नवीन चन्द्र पाण्डे, रमन सिंह, कुमारी मानसी अरोड़ा, प्रमोद डोबी, डब्ल्यू-डब्ल्यू एफ प्रतिनिधि मिराज अनवर आदि मौजूद रहे।



शव का विच्छेदन करते वन कर्मचारी।



# सेल्फी प्वाइंट एवं क्विज प्रतियोगिताएं हुईं

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर में सेल्फी प्वाइंट एवं क्विज प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र युवा छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए सेल्फी प्वाइंट प्रोजेक्ट रहे। महाविद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा, मरियम डिग्री कॉलेज की मैनेजर एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मरियम खान व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अध्ययन के अतिरिक्त विद्यार्थियों को नूतन विषयों पर भी सफलता का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा नई सोच, नया निर्माण, नई सफलता जीवन के नये आयाम हैं। मुख्य अतिथि श्रीमती मरियम खान ने विद्यार्थियों को उनके इस सेल्फी प्वाइंट कार्यक्रम एवं नई सोच के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने छात्र-छात्राओं की सुंदर प्रस्तुतियां एवं कड़ी मेहनत की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रथम स्थान पर फैसल, द्वितीय स्थान पर शगुफ्ता एवं तृतीय स्थान पर आशीष रहे। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मदीहा, द्वितीय स्थान पर आबिद व तृतीय स्थान पर सुहाना रही।

# चोरी किया था सामान, पकड़ा गया मेहरबान



**किरतपुर ( चिंगारी )।** किरतपुर पुलिस ने मोबाइल व नकदी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक युवक को चोरी गये सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद अदालत में पेश कर दिया। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मौहल्ला झण्डा निवासी शेखर राजपूत ने थाना किरतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका मल्टीमीडिया मोबाइल, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा 4000 रुपये नकद किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद के निर्देशन में पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल आरोपी मेहरबान पुत्र जमील, निवासी मौहल्ला अफगानान, थाना किरतपुर (उम्र 22 वर्ष) को चिन्हित किया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को दबिश देकर गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से एक मल्टीमीडिया मोबाइल और 2800 रुपये नकद बरामद किए। बरामदगी के आधार पर थाना किरतपुर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा संख्या 298/2025, धारा 303 (2)/317 (2) में विधिक दरोगा ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है।

# एल.डी.आर. स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**किरतपुर ( चिंगारी )।** एल.डी.आर. पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया, जिन्हें बच्चों से अत्यधिक प्रेम था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक समिति के पदाधिकारियों और विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित शर्मा द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ की गई। दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्राओं द्वारा मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रधानाचार्य अमित शर्मा ने मंच से सभी छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और विद्यालय सदैव उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद भी प्रदान किया। बाल दिवस पर विद्यालय में विभिन्न रंगारंग एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। खेल विभाग के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पटेल हाउस, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गांधी हाउस, खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहरू हाउस ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अमित शर्मा ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्रों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किये।



# बार एसोसिएशन कोटद्वार ने करके प्रदर्शन देहरादून के अधिवक्ताओं को दिया समर्थन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** बार काउंसिल आफ उत्तराखंड के आह्वान पर देहरादून में चल रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन के समर्थन में कोटद्वार बार एसोसिएशन से जुड़े समस्त अधिवक्ता शनिवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहे। इस दौरान सिमलचौड़ कोर्ट में धरना प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि देहरादून के पुराने कोर्ट कैंपस में अधिवक्ताओं को चैंबर बनाने के लिए जगह उपलब्ध नहीं कराई जा रही है इसी मांग को लेकर देहरादून के समस्त अधिवक्ता आंदोलन कर रहे हैं। उनके आंदोलन को कोटद्वार बार एसोसिएशन भी समर्थन दे रही है। कहा कि उत्तराखंड सरकार को अति शीघ्र अधिवक्ताओं की मांग पूरी करनी चाहिए अन्यथा प्रदेश के समस्त अधिवक्ता उग्र आंदोलन पर बाध्य होंगे।



**देहरादून में चल रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन के समर्थन में शनिवार को सिमलचौड़ कोर्ट में प्रदर्शन करते कोटद्वार बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता।**

प्रदर्शन करने वालों में बार एसोसिएशन अध्यक्ष नागेंद्र जोशी, जितेंद्र रावत, प्रवेश रावत, अंजलि अग्रवाल, योजना शर्मा, रोहित कपटियाल, कुलदीप बिष्ट, विकास थपलियाल, विकास कुमार, गिरीश कुमार, सुनीता थापा, नीता नेगी, संजय जोशी, रीना रावत, कुंवर सिंह आर्य और अरविंद चौधरी आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी ने आयोजित कीं कई प्रतियोगिताएं

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा आयोजित संस्कृत प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्रखंड बीरोंखाल की कनिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज बीरोंखाल में किया गया। खंड संयोजक डॉ. कुलदीप गौड़ ने बताया कि संस्कृत नाटक प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बैजरो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कृत समूहगान में राजकीय इंटर कॉलेज बीरोंखाल ने प्रथम,जनता इंटर कॉलेज पाली खाटली ने द्वितीय व सरस्वती शिक्षा निकेतन बैजरो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत समूह नृत्य में पब्लिक इंटर कॉलेज पाली खाटली ने पहला, पब्लिक इंटर कॉलेज सिमडी ने दूसरा और राजकीय इंटर कॉलेज बैजरो ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बैजरो प्रथम, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भमरईखाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत आशुभाषण प्रतियोगिता में श्वेता ने प्रथम, श्रद्धा ने द्वितीय व कनिका नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती शिक्षा निकेतन बैजरो के आयुष बहुखंडी प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज बैजरो के शिवम दत्त द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज बाड़ाडांडा की प्रियंका नेगी तृतीय स्थान पर रही। बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे जो कि 21 एवं 22 नवंबर को कोटद्वार में आयोजित होगी।

### बीरोंखाल प्रखंड में विजेता अब जनपद स्तर पर करेंगे प्रतिभाग

# गांजा तस्करों को गांजा बेचने वाले अल्मोड़ा के दो आरोपी हुये गिरफ्तार

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार पुलिस ने गांजा तस्करों को गांजा बेचने वाले दो आरोपियों को अल्मोड़ा से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पूर्व में गांजे के साथ पकड़े गये चार गांजा तस्करों की निशानदेही पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच सितंबर को कोतवाली पुलिस द्वारा सिद्धबली बैरियर पर चेकिंग के दौरान 50 किलो 19 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने चार आरोपियों इमरान, नवाब, शहनाज़ और फातमा खातून को मौके पर गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि यह गांजा वे लोग अल्मोड़ा क्षेत्र से ध्यान सिंह कंडारी, निवासी-लखरकोट, अल्मोड़ा व बीरेन्द्र कुमार, निवासी-गाजर, अल्मोड़ा से खरीदकर लाये थे। जिस पर पुलिस ने इन दोनों नामजद आरोपियों को उक्त प्रकरण में वांछित आरोपी घोषित किया था। पुलिस द्वारा गहनता से जांच किये जाने पर इन दोनों आरोपियों द्वारा गांजा बेचने वाला तथ्य जांच में सही पाया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवर ने बताया कि मामले में उक्त प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर दोनों आरोपियों को अल्मोड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# बाल दिवस पर 'वसुंधरा' ने बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** वसुंधरा संस्था की ओर से बाल दिवस कार्यक्रम के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय डांडा लखौंड में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमें बचपन से ही बच्चों में किताब पढ़ने और खेलों की आदत डालनी होगी। शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष प्रियंका नेगी ने कहा कि वर्तमान समय में सभी इलेक्ट्रानिक्स गैजेट का प्रयोग कर रहे हैं। बच्चो के लिए भी यह समय बिताने का जरिया बन रहे है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। रोते बच्चे को चुप कराने लिए उसे मोबाइल पर गेम खेलने की सलाह देना ही कुछ समय बाद उसके लिए घातक बन जाता है। हमें बचपन से ही बच्चों में किताब पढ़ने और खेलों की आदत डालनी होगी वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने कहा कि अभिभावक बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे रहे हैं। बच्चों को पर्याप्त समय देना उनके विकास और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में रीता सेमवाल, सरिता पेटवाल भी विचार व्यक्त किए। प्रधानाध्यापक विनोद असवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# उत्तराखण्ड में भूकंप से संभावित जोखिमों के मद्देनजर राज्य व्यापी मॉकड्रिल का किया गया आयोजन



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** उत्तराखण्ड राज्य में भूकंप से संभावित जोखिमों के दृष्टिगत एक राज्यव्यापी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन विभाग के समन्वय में आयोजित इस अभ्यास में SDRF उत्तराखण्ड ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए विभिन्न जनपदों में तैनात अपनी 42 टीमों के माध्यम से व्यापक स्तर पर राहत एवं बचाव गतिविधियों का प्रदर्शन किया। अभ्यास के दौरान एसडीआरएफ ने जिला पुलिस, एनडीआरएफ,आर्मी, फायर सर्विस, रेड क्रॉस एवं अन्य आपदा प्रबंधन इकाइयों के साथ संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन, कैजुअल्टी इवैक्यूएशन, फंसे हुए व्यक्तियों का सुरक्षित रेस्क्यू, क्रिटिकल एरिया रिस्पॉन्स, कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम, संचार व्यवस्था आदि प्रक्रियाओं का वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास किया। मॉक ड्रिल का प्रमुख उद्देश्य भूकंप आने की स्थिति में तत्काल और संगठित प्रतिक्रिया क्षमता को परखना,विभिन्न एजेंसियों के बीच इंटर-एजेंसी कोऑर्डिनेशन को मजबूत बनाना, संसाधनों की उपलब्धता एवं उपयोग का मूल्यांकन, तथा नागरिकों में जागरूकता एवं सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करना रहा। इन परिदृश्यों पर हुई मॉक ड्रिल, बहुमंजिला आवासीय भवन का ढह जाना, मरीज, स्टाफ का रेस्क्यू विद्यालय, कॉलेज क्षतिग्रस्त होने से बच्चों का फंसना और रेस्क्यू, घायलों को चिकित्सा शिविरों तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस रूट प्रबंधन, पहाड़ों में भूस्खलन से मार्ग अवरुद्ध होना और पर्यटकों का फंस जाना आदि सभी निर्धारित परिदृश्यों में तेज प्रतिक्रिया, पेशेवर दक्षता एवं उत्कृष्ट अनुशासन का प्रदर्शन किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेल महोत्सव हुआ समाप्त

## सुभाष हाउस रहा प्रथम स्थान पर

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड़ स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में चल रहे खेल महोत्सव का शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया है। प्रतियोगिता में सुभाष हाउस ने पहला, टैगोर हाउस ने दूसरा और तिलक हाउस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

अंतिम दिवस की प्रतियोगिताओं का आरंभ प्रधानाचार्य दिनेश सिंह व उप प्रधानाचार्य तनुका राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अंतिम दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्री प्राइमरी वर्ग बॉल रेस में कृषा प्रथम, वेदिका द्वितीय एवं अदिति तृतीय स्थान पर रहे। म्यूजिकल रेस में आरव नेगी पहले, शिवांश दूसरे और ग्रंथ तीसरे स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग बनाना रेस में आयुषी गौड़ प्रथम, श्रेयांशी द्वितीय और तन्वी तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग में रौनक ने पहला, अनिक ने दूसरा और गर्वित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता में टैगोर हाउस विजेता और तिलक हाउस उपविजेता रहा। वहीं छात्रा सीनियर वर्ग कबड्डी में टैगोर हाउस विजेता और तिलक हाउस उपविजेता रहा। तत्पश्चात आयोजित समापन समारोह में स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत करने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# लोगों की नाक में दम करने वाला टाइगर अरेस्ट

## ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में किया कैद, क्षेत्रवासियों एवं वनकर्मियों ने ली राहत की सांस


ट्रेंकुलाइज के बाद पिंजरे में कैद टाइगर।

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। 18 दिनों से थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर व मच्छमार एवं अफजलगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मौ.पुर राजौरी के ग्रामीणों एवं वनकर्मियों की नाक में दम कर देने वाले टाइगर को आखिरकार ट्रेंकुलाइज कर पकड़ ही लिया जिससे ओर ग्रामीणों एवं वनकर्मियों ने राहत की सांस ली है। 28 अक्टूबर को थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर में टाइगर देखे जाने से हड़कंप मच गया था। ग्रामीणों ने दो सप्ताह पहले उसे मच्छमार व मौ.पुर राजौरी के बीच पीली नदी के पुल के पास नदी पार करते देखा था। गत शुक्रवार को टाइगर ने फिर उसी पीली नदी के पुल के आसपास भेड़ों के झुंड पर हमला कर दो भेड़ों को घायल कर दिया व एक भेड़ को मौत के घाट उतार दिया जिसे लेकर ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई थी। वनाधिकारियों ने फिर रेस्क्यू अभियान चलाया और शनिवार की शाम मौ.पुर राजौरी में आखिरकार टाइगर को डॉ. दक्ष गंगवार द्वारा ट्रेंकुलाइज कर वनकर्मियों द्वारा पिंजरे में कैद कर लिया गया। इस रेस्क्यू अभियान की मॉनिटरिंग मुख्य वन संरक्षक बरेली जोन पीपी सिंह और वन संरक्षक मुरादाबाद रमेश चंद्रा द्वारा की जा रही थी। शनिवार को इस रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान वन संरक्षक मुरादाबाद रमेश चंद्रा, डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा, एसडीओ बिजनौर ज्ञान सिंह, वनक्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा तथा डॉ. दक्ष गंगवार सहित अनेक वनकर्मी मौजूद रहे। रेस्क्यू किए गए मादा टाइगर को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की गेस्ट हाउस पर चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है।






## सोरम में हो रही सर्व खाप के चौधरियों की पंचायत में बिजनौर से गये हज़ारों किसान

बिजनौर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में सैकड़ो गाड़ियों से हजारों कार्यकर्ता सोरम में होने वाली सर्व खाप पंचायत में भाग लेने के लिए बिजनौर से रवाना हुए।

आज प्रात बिजनौर नुमाइश ग्राउंड पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और वहां से काफिले के रूप में धोरम मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए। शोरम में 16, 17 व 18 को सभी बिरादरियों के सर्व खाप के चौधरियो की पंचायत हो रही, जिसमें समाज में प्रचलित कुरीतियों पर विचार विमर्श किया जाएगा और सुधार के लिए नियम बनाए जाएंगे। बिजनौर से जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंधु, राजेंद्र सिंह, अमरपाल सिंह, अमित वालियान, कोमन सिंह, बलजीत सिंह, अमित चानमान, रामावतार सिंह, जितेंद्र सिंह, विनीत चौधरी, अंकुर चौधरी, नरदेव सिंह, पुनीत कुमार,मुनेश अहलावत, मोनू, दीपक तोमर, कुमार, बबलू प्रधान समेत आदि किसान मौजूद रहे।

